


MPHIN/2021/83938

दैनिक

# पुष्पांजली टुडे

नई सोच नई पहल



ग्वालियरः वर्षः 3 : अंकः 204 | ग्वालियर, बुधवार 3 अप्रैल 2024 | पृष्ठः 8 मूल्यः 2 रुपए


## न्यूज ट्रैक

### शादी के लिए राजी न होने पर युवती पर पेट्रोल डालकर लगाई आग, गंभीर



मध्य प्रदेश के बैतूल जिले में रोंगने खड़े करने वाला मामला सामने आया है. यहां एक युवती द्वारा शादी से मना करने पर पेट्रोल डालकर आग लगा दी गई. उसकी हालत गंभीर बनी हुई है.आदिवासी युवती द्वारा विवाह करने से मना करने पर पूर्व प्रेमी इतना भड़क गया कि उसने युवती पर पेट्रोल डालकर आग लगा दी. युवती की हालत गंभीर है. युवती पेट्रोल पंप पर सेल्स गर्ल का काम करती है.गंज थाना प्रभारी रविकांत डेहरिया के अनुसार युवती के प्रेमी द्वारा विवाह के लिए दबाव बनाया जा रहा था, युवती तैयार नहीं हुई तो उसने इस घटना के कुछ घंटे पहले ही चाकू दिखाया था. युवती की शिकायत पर आरोपी को गंज थाने लाया गया. लेकिन, माफी मांगने और दोबारा गलती न करने का भरोसा दिलाने पर युवती ने राजीनामा कर लिया.आदिवासी युवती वर्तमान में बैतूल नगर इलाके में रहती है. आरोपी आर्यन मालवीय सोमवार की रात 11 बजे युवती के घर पहुंचा और उस पर पेट्रोल डालकर आग लगा दी.पीड़िता का आरोप है कि युवक विवाह करने के लिए दबाव बना रहा था.

### बाजेपी के 400 पार के नारे को अरुण यादव ने बताया 'मुंगेरीलाल का हसीन सपना

कांग्रेसी नेताओं के बीजेपी में जाने को लेकर पूर्व केंद्रीय मंत्री अरुण यादव की प्रतिक्रिया आई है. खरगोन में मीडिया से बातचीत के दौरान उन्होंने कहा कि क्षणिक लाभ और अपने स्वार्थ के लिए कांग्रेस नेता बीजेपी में शामिल हो रहे हैं.अरुण यादव ने कहा कि कांग्रेस पार्टी एक समुद्र है, विश्व की सबसे बड़ी और पुरानी पार्टी है, इसका अपना सुनहरा इतिहास है. इन लोगों के बीजेपी में जाने से मैदानी कार्यकर्ताओं को मौका मिलेगा, लाखों कार्यकर्ता आगे आएंगे और पार्टी को और अधिक मजबूत करेंगे. उन्होंने कहा कि कांग्रेस को कोई भी कमजोर नहीं कर सकता और कांग्रेस कभी कमजोर नहीं होगी.वरिष्ठ कांग्रेसी नेता अरुण यादव ने भारतीय जनता पार्टी के अबकी बार 400 पार के नारे को मुंगेरीलाल का हसीन सपना बताया.

## सीएम मोहन यादव ने छोड़ा भोपाल! जेपी नड्डा के साथ इन सीटों पर करेंगे प्रचार

मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव लोकसभा चुनावों को लेकर पूरी तरह से एक्शन मोड में आ गए हैं. सीएम मोहन यादव ने राजधानी भोपाल स्थित सीएम हाऊस में रात्रि विश्राम करना लगभग छोड़ ही दिया हैं. उन्हों ने सोमवार (1 अप्रैल) की रात छिंदवाड़ा में बिताई थी.इसी क्रम में मुख्यमंत्री मोहन यादव का आज का रात्रि विश्राम जबलपुर में होगा. सीएम मोहन यादव मंगलवार (2 अप्रैल) को प्रदेश की तीन संसदीय सीटों पर प्रचार करेंगे. जबकि शहडोल और जबलपुर में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रसाद नड्डा के साथ कार्यक्रम में शामिल होंगे.

**जेपी नड्डा के साथ सीएम करेंगे जनसभा**-मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज प्रदेश की रीवा, शहडोल और जबलपुर संसदीय सीटों पर चुनाव प्रचार करेंगे. मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव आज



मंगलवार को छिंदवाड़ा से सुबह 8.55 बजे रीवा पहुंचे, जहां वे स्थानीय कार्यक्रमों में शामिल होंगे. मुख्यमंत्री डॉ यादव सुबह 10.45 बजे जबलपुर पहुंचकर बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा की अगवानी कर उनके साथ स्थानीय कार्यक्रमों में भाग लेंगे. इसके बाद मुख्यमंत्री यादव दोपहर 2 बजे शहडोल के गांधी चौक में राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के साथ जनसभा को संबोधित करेंगे.

**शाह 6 बजे पहुंचेंगे जबलपुर**-मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के कार्यक्रम अनुसार, मंगलवार (2 अप्रैल) को जबलपुर पहुंचेंगे और शाम 6 बजे शहीद स्मारक में शक्ति केंद्र प्रमुख, बूथ अध्यक्ष, त्रिदेव सम्मेलन में भाग लेंगे. जिसके पश्चात बीजेपी कार्यालय रानीताल पहुंचकर बैठक में शामिल होंगे. मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव रात्रि विश्राम जबलपुर में करेंगे.

**आज से स्टार प्रचारकों के अभियान का आगाज** -लोकसभा चुनाव के लिए बीजेपी-कांग्रेस द्वारा निर्धारित किए गए स्टार प्रचारकों के आने का आगाज आज से हो रहा है. भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा आज प्रदेश के दौरे पर आ रहे हैं. राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा जबलपुर में आयोजित प्रबुद्धजनों के सम्मेलन को राष्ट्रीय संबोधित करेंगे. कल यानी बुधवार (3 अप्रैल) को स्मृति ईरानी का पन्ना और खजुराहो दौरा है. स्मृति ईरानी दोनों ही स्थानों पर बीजेपी प्रत्याशी वीडी शर्मा के समर्थन में जनसभा करेंगी, जबकि 6 अप्रैल को केन्द्रीय मंत्री राजनाथ सिंह सीधी और सिंगरौली दौरे पर आ रहे हैं.

### अपनों ने धोखा दिया, आखिर किस पर है कमलनाथ की बहू प्रियानाथ का निशाना?

मध्य प्रदेश में लोकसभा का चुनाव प्रचार तेज हो गया है. प्रत्याशी निर्वाचन क्षेत्रों में जनता से वोट मांग रहे हैं. वोट मांगने के साथ तीखी बयानबाजी भी सामने आ रही है. छिंदवाड़ा में कांग्रेस प्रत्याशी को जिताने के लिए पिता और पत्नी ने दम लगा दिया है.45 वर्षों से कमलनाथ परिवार के मजबूत गढ़ रहे छिंदवाड़ा में बीजेपी ने सेंधमारी करने की तैयारी कर ली है. कांग्रेस ने पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के बेटे को छिंदवाड़ा से लोकसभा का उम्मीदवार बनाया है.



**पत्नी ने नकुलनाथ के लिए संभाली प्रचार की कमान**-क्नकुलनाथ के लिए पिता और पत्नी ने परंपरागत सीट को बचाने के लिए मैदान में उतरे हुए हैं. पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ की बहू और कांग्रेस प्रत्याशी नकुलनाथ की पत्नी प्रियानाथ ने दल बदलुओं पर जमकर हमला बोला.

उन्होंने कहा, ÷जिनको हमने अपना माना उन्होंने अग्नि परीक्षा के समय धोखा दिया.÷ नकुलनाथ की पत्नी प्रियानाथ छिंदवाड़ा जिले के चौरई में चुनावी सभा को संबोधित कर रही थीं. लोगों को संबोधित करते हुए उन्होंने छिंदवाड़ा से करीब 45 साल पुराने रिश्ते को याद किया. उन्होंने कहा कि कमलनाथ परिवार की असली ताकत छिंदवाड़ा की जनता है.

**कांग्रेस छोड़कर जानेवाले नेताओं पर जमकर बरसीं**-बता दें कि छिंदवाड़ा में एक के बाद एक नेता कांग्रेस छोड़कर बीजेपी का दामन थाम रहे हैं.

## सीएम यादव ने दिए सख्त आदेश

### किताबें-ड्रेस खरीदने का दबाव बनाया तो स्कूलों की खैर नही!

मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने स्कूलों की मनमानी का संज्ञान लेते हुए सोमवार एक अप्रैल को बड़ा आदेश दिया. सीएम मोहन यादव के आदेश के अनुसार, अब प्राइवेट स्कूल किसी निर्धारित दुकान से ही किताबें, यूनिफॉर्म और बाकी शिक्षण सामग्री खरीदने का दबाव अभिभावकों पर नहीं बना सकते. अगर ऐसी कोई शिकायत मिली, तो स्कूल प्रबंधन के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी. मुख्यमंत्री मोहन यादव ने इस संबंध में आदेश जारी करने के लिए मुख्य सचिव को निर्देश दे दिए. स्कूल शिक्षा विभाग ने जिला कलेक्टरों को पत्र भी जारी कर



दिया है. इसके तहत मध्य प्रदेश निजी विद्यालय फीस अधिनियम के तहत दोषी पाए जाने पर स्कूल के खिलाफ कार्रवाई होगी. अधिनियम के तहत स्कूल संचालक पर 2 लाख रुपये तक का जुर्माना लगाया जा सकता है. इसके अलावा स्कूल की मान्यता भी रद्द की जा सकती है.

**हर साल अभिभावकों से मिलती है शिकायत**-मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मुताबिक स्कूल का नया सत्र शुरू हो गया है. कुछ निजी स्कूल संचालकों ने नए शिक्षण सत्र शुरू करते हुए विद्यार्थियों को पढ़ना भी शुरू कर दिया है. ऐसी स्थिति में हर साल कुछ स्कूल संचालक के खिलाफ पालकों की शिकायत आती है कि वे यूनिफॉर्म और कोर्स खरीदने को लेकर निर्धारित दुकान पर जाने के लिए पालकों पर दबाव बनाते हैं.इसी के चलते मध्य प्रदेश के सभी कलेक्टर को निर्देश दिए गए हैं कि वे इस प्रकार का कृत्य करने वाले स्कूल संचालकों पर कड़ी कार्रवाई करें. इस संबंध में प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा भी पत्र जारी किए जा रहे हैं.

### इंदौर में विधायक समर्थक की गुंडागर्दी, पुलिसवालों के सामने कैफे संचालक की बेरहमी से पिटाई



मध्य प्रदेश में भोपाल के बाद इंदौर में भी सियासी रसूख की बानगी देखने को मिली है. प्रदेश के इंदौर में एक विधायक समर्थक की गुंडागर्दी सामने आई है. विधायक के समर्थक ने मामूली विवाद के बाद एक कैफे संचालक की बुरी तरह पिटाई कर दी. उसने एक दो नहीं बल्कि सात सात पुलिसवालों के सामने कैफे ऑपरेटर युवक को बल्ले से मारा. मारपीट की पूरी घटना सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई. विधायक के समर्थक ने घमंड में चूर होकर कैफे संचालक को बल्ले से जमकर पीटा और उसे घायल कर दिया. ये पूरा मामला इंदौर के भंवरकुंआ थाना क्षेत्र का है. जहां एक मामूली विवाद में इंदौर के एक विधायक के समर्थक आरोपी ने चाय चौकी कैफे एंड रेस्टोरेंट कैफे संचालक आशीष वाजपेयी की जमकर मारपीट कर दी.

**इंदौर में कैफे संचालक की पिटाई का वीडियो वायरल**-इंदौर में कैफे संचालक की पिटाई का वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है. इस मामले में पुलिस के रवैये पर भी सवाल उठ रहे हैं.


STORME SMART SOLUTIONS



अपने स्वयं की गाड़ी चलाओ पैसे कमाओ

कमायें 5000 रू. प्रति माह

अपनी गाड़ी 300 Km. चलाओ

5000/- प्रतिमाह कमाओ

9908750812, 8602854455, 9244933139

Old Railway Line, Near Sciendia Chauraha, Shatabdi Puram Gwalior, Madhya Pradesh 474020

Website : www.stormesmartsolutions.com

# प्रदीप चावड़ा बना रहे है पूरे भारत में हेल्थ योद्धा

## तंबाकू मुक्त देश का सपना लेकर चला रहे हैं अभियान

कहा जाता है कि समाज में किसी तरह की बुरी चीजों से बचाने हेतु पहल करना पड़ती है और एक ऐसी ही पहल की हैं शहर के




प्रदीप चावड़ा ने जो विगत चार सालों से निरंतर आई एम अगेंस्ट टोबैको आर्गेनिशन के जरिए जो लोग तंबाकू का सेवन गुटखा,पॉउच व सिगरेट के रूप में करते है उन्हे ऑनलाइन एवं ऑफलाइन काउंसलिंग देकर तंबाकू सेवन से मुक्ति दिलवाते है ,सोशल मीडिया के जरिए,पोस्टर के जरिए,सेमिनार एवं निबंध प्रतियोगिता के साथ कई अन्य प्रतियोगता का आयोजन करते हैं ,युवाओं के बीच जाकर उन्हें तंबाकू से होने वाले नुकसान को बताते है एवं उनसे संकल्प पत्र भी भरवाते है । इस आर्गेनाइजेशन के जरिए लगभग 1800 से भी अधिक लोगों को तंबाकू का त्याग करवा चुके है,इस हेतु इन्हें नीति आयोग द्वारा बेस्ट सोशल अवार्ड 2023 से सम्मनित किया जा चुका है । सभी जानते है कि तंबाकू का सेवन जीवन को गर्त में ले जाता है ।भयानक मुंह के कैंसर जैसी बीमारी का जनक है,बता दे कि श्री चावड़ा पूरे भारत में इस प्रकार के जागरूकता लाने हेतु हेल्थ योद्धा भी बना है जो तंबाकू को छोड़ने हेतु लोगों को प्रेरित करते है । श्री चावड़ा कई वर्षो से समाज सेवा के कार्यों को करते आए है, समय - समय पर सामाजिक मुद्दों को उठाते है, स्वास्थ के प्रति लोगों को प्रेरित करते आए है । यह भी बताया है कि इस मिशन से उन्हीं लोगों को जोड़ा जाता है हेल्थ योद्धा के रूप में जो किसी भी प्रकार से तंबाकू का सेवन नहीं करते इनके मिशन का यह भी उद्देश्य है कि हर जगह साफ - सुथरी रहे क्योंकि लोग गुटखा व पॉउच खाकर जगह को थूककर गंदी करते है । जब श्री चावड़ा से पूछा गया जब मिशन को लेकर तो बताया कि आज देश में तंबाकू का प्रचलन बहुत तेजी से बड़ा हैं खासकर युवा इसका सेवन कर रहे है,भारत देश तंबाकू मुक्त होना चाहिए,जब हम किसी मरीज को मुंह के कैंसर से पीड़ित देखते हैं तो लगता है कि कितनी मानसिक व आर्थिक हालात से खुद व पूरा परिवार गुजर रहा होंगा, क्योंकि दर्दनाक मौत होती है !



## दुदोड़ गांव में प्राण प्रतिष्ठा-महोत्सव की आमंत्रित पत्रिका प्रदान की

### चार दिवसीय महोत्सव 9 अप्रैल से शुरू

**दैनिक पुष्पाजंली टुडे**

*बेंगलूरू। सीरवी समाज ट्रस्ट सुकतंकट्टे को मंगलवार को पाली जिले के दुदोड़ ग्राम में नवनिर्मित श्री भेरूजी, आशापुराजी, चारभुजा मंदिर प्राण प्रतिष्ठा-महोत्सव की आमंत्रित प्रत्रिका प्रदान की गई। दुदोड ग्राम के घीसुलाल चोयल ने बताया कि चार दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव 12 अप्रेल 2024 शुक्रवार से शुरू होगा जो 15 अप्रेल 2024 सोमवार को होगा। इस अवसर पर सुकतंकट्टे वडेर के सचिव हनुमानराम बर्फा, सह-सचिव भंवरलाल गेहलोत, कोषाध्यक्ष घीसाराम सोलंकी एवं दुदोड ग्राम के मांगीलाल चोयल, नेमाराम चोयल, मांगीलाल चोयल पुष्पाजंली, शिवराम पूजारी मौजूद थे।*

# दतिया लोकसभा निर्वाचन 2024 की तैयारियों के संबध में अंतर्राज्यीय सीमावर्ती बैठक हुई संपन्न



**संदीप प्रधान उप संपादक दैनिक पुष्पांजलि टुडे**

दतिया। लोकसभा निर्वाचन 2024 की तैयारियों के संबध में आज कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री संदीप माकिन की अध्यक्षता में सर्किट हाउस दतिया में अंतर्राज्यीय सीमावर्ती बैठक संपन्न हुई। बैठक में अंतर्राज्यीय बॉर्डर पर कानून व्यवस्था बनाए रखने एवं लोकसभा निर्वाचन को शांतिपूर्वक, निष्पक्ष, स्वतंत्र ढंग से संपन्न कराए जाने पर चर्चा हुई।

बैठक में कलेक्टर श्री माकिन ने सर्व सहमति से निर्णय लिया गया कि अवैध रूप से शराब की रोकथाम, अवैध शास्त्रों की रोकथाम, परिवहन की सघन चैकिंग तथा अनावश्यक पदार्थो के परिवहन पर रोक, असामाजिक तत्थों की गतिविधियों पर विशेष ध्यान देकर रोकथाम कराई जाएगी। बैठक में उन्होंने कहा कि निर्वाचन से जुड़ी सभी टीमें, एसएसटीएफ टीम आदि टीमें विशेष निगरानी रखेगी। उन्होने कहा कि सभी सीमावर्ती नाकों पर विशेष निगरानी हेतु सीसी टीवी कैमरे भी लगाए गए है। इनसे हर प्रकार की गतिविधियों पर नजर रहेगी। बैठक में पुलिस अधीक्षक श्री बीरेन्द्र कुमार मिश्रा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री सुनील कुमार शिवहरे, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री कमलेश भार्गव, अपर कलेक्टर श्री विनोद भार्गव, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती भूमिजा सक्सेना, एसडीएम भाण्डेर श्री नीरज शर्मा, उप जिलाधिकारी ललितपुर श्री निशांत तिवारी, सीओ तालवेहट श्री कुलदीप कुमार, एसपी झांसी श्री ज्ञानेन्द्र सिंह, एडीएम शिवपुरी श्री दिनेश शुक्ला, एसडीओपी करैरा श्री शिवनारायण मुकाती, एसडीएम करैरा श्री अजय शर्मा, सीईओ जनपद नरवर श्री एपी प्रजापति, तहसीलदार पिछोर श्री शिवशंकर सिंह, सीईओ जनपद खनियाधाना श्री मोगराज मीणा सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

# ऐसवीपीएल. सीजन 5 वॉलीबॉल प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**दैनिक पुष्पाजंली टुडे**

मुम्बई। सीरवी विकास सेवा संस्था कामोठे एवं आईजी स्पोर्ट्स क्लब कामोठे के तत्वाधान में एक दिवसीय शुटिंग वॉलीबॉल प्रतियोगिता ऐसवीपीएल. सीजन 5 का आगाज 31 मार्च को कामोठे स्थित आईजी मैदान में किया गया । जिसमें आईपीएल. की तर्ज पर ऐसवीपीएल में

## राजस्थान रॉयल ने जीती प्रतियोगिता

खिलाड़ियों का बंटवारा किया गया। प्रतियोगिता में समाज की 8 टीमों ने भाग लिया। सुबह प्रतियोगिता का आगाज आईमाताजी की आरती व राष्ट्र गान और पुजा अर्चना से हुआ। इस कार्यक्रम में पधारे मुख्य अतिथि के रूप में सीरवी महासभा महाराष्ट्र प्रांत के अध्यक्ष दिनेश गेहलोत, युवा अध्यक्ष राजेश गेहलोत एवं खेल मंत्री प्रकाश गेहलोत सीरवी समाज खेल परिवार के एवं स्थानिय कमैटी पदाधिकारी मेनेजमेंट जगदिश मोतीलाल, सचिव जितेंद्र सेप्टा, उपाध्यक्ष वेनाराम ने उपस्थित रहकर खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया। दिन भर चले रोमांचक मुक़ाबले में राजस्थान रॉयल विजेता रही। राजस्थान रॉयल टीम के कप्तान हेमंत लचेटा बदलापुर ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी। वही सिंहगढ़ वारियर्स टीम उपविजेता रही। तीसरे स्थान पर जय भवानी इलेवन विजेता रहे। चौथे स्थान पर राइजिंग सुपर स्ट्रार विजेता रही। बेस्ट नेटर देवा, बेस्ट शुटर उमेश चोयल, बेस्ट डिफेंडर मंगलाराम




काग,मैन ऑफ दा सिरीज प्रकाश गेहलोत को दिया गया। बेस्ट रेफरी किशोर रावल,सोहनलाल सैणचा नालासोपारा रहे तथा बेस्ट बेस्ट कोमैंनटेटर मोहन झाला मलाड,अरविंद डोमबेवली ने किया। विजेता टीमों व खिलाड़ियों को समाज की ओर से मोमेंटो कप प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में पधारे नवी मुम्बई क्षत्रिय वडेरों के पदाधिकारियों का समाज और खेल परिवार की ओर से सम्मान किया गया। इस मौके पर आयोजक कामोठे वडेर के अध्यक्ष मदन, उपाध्यक्ष अशोक कुमार, वेनाराम, सचिव जितेंद्र, सह-सचिव टीकमराम, कोषाध्यक्ष भुराराम, सह-कोषाध्यक्ष राजू, संगठन मंत्री अशोक, सूचना विभाग के गणेश, सलाहकार मंडल के मोतीलाल, जगदीश, लखाराम, पुखराज, चुन्नीलाल, मांगीलाल, प्रकाश, कमल किशोर, हकाराम, राजाराम,मुलाराम एवं समस्त खेल परिवार के सदस्य मौजूद थे।



# भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारापूर्व सांसद डॉ राम लखन सिंह जी का गोहद चौराहे पर हुआ भव्य स्वागत



**महेंद्र शर्मा उपसंपादक पुष्पांजलि टुडे**

गोहद। विधानसभा में पूर्व सांसद आदरणीय डॉ रामलखन सिंह कुशवाहा जी का पुनः भारतीय जनता पार्टी में सम्मिलित होने पर उन के प्रथम आगमन पर गोहद चौराहे पर आदरणीय डॉ रामलखन सिंह कुशवाहा जी का भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता पूर्व जिला उपाध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर दादा और पूर्व प्रदेश मंत्री किसान मोर्चा महेश गुर्जर जी ने भव्य स्वागत किया उनके साथ पार्टी के कार्यकर्ता पिंकी सगर अनुसूचित जाति मोर्चा जिलाध्यक्ष, पूर्व मंडल अध्यक्ष कमल सिंह तोमर,दारा सिंह कोरव मंडल उपाध्यक्ष, विनोद सिकरवार महामंत्री मालनपुर,गजेन्द्र चौधरी महामंत्री चितौरा संतोष राठौर उपाध्यक्ष नगर मंडल,अमृतलाल माहौर, जयपाल कसाना , सुरेन्द्र सिंह तोमर, मोदी जी, गब्बर सिंह गुर्जर जी,बबलू गुप्ता जी, महेश श्रीवास्तव, सौरभ गुप्ता, संजीव गुप्ता बबलू मेडिकल आदि भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत।

# ग्रीष्मकाल में पेयजल तथा अग्निशमन संबंधी समस्याओं के निराकरण के लिए कंट्रोल रूम स्थापित

***खरगोन जिले से मुन्ना खान ब्यूरो चीफ पुष्पांजलि टुडे***

*वर्तमान में ग्रीष्मकाल प्रारम्भ हो गया है। नगरीय क्षेत्र खरगोन में ग्रीष्मकाल में पेयजल एवं अग्नि दुर्घटना जैसे समस्याओं के निराकरण के लिए नगर पालिका द्वारा कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। खरगोन नगरीय क्षेत्र में पेयजल एवं अग्निशमन जैसी घटना होने पर नागरिक कंट्रोल रूम के दूरभाष नंबर एवं वहा नियुक्त कर्मचारियों को मोबाइल नंबर पर सम्पर्क कर सकते हैं।*

*मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्री एमआर निगवाल ने बताया कि नागरिकों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराये जाने के अंतर्गत सम्पूर्ण नगर पालिका सीमा क्षेत्र खरगोन में प्रतिदिन नियत समय पर शुद्ध एवं पर्याप्त पेयजल नागरिकों को उपलब्ध कराया जाना नितांत आवष्यक होने से नगर पालिका खरगोन के द्वारा कार्यालय में कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है, जिसका दुरभाष क्रमांक-07282-232883 है। पेयजल से संबंधित समस्या का निराकरण कराये जाने हेतु श्री कमलकांत जोशी उपयंत्री, (मो.9893606169) को नोडल अधिकारी के रूप में नियुक्त किया जाकर श्री रमेश पाटीदार फीटर, (मो.8889585116), श्री विरेन्द्र बर्डे फीटर, (मो.9575513823), श्री केरिया चौहान, पम्प चालक, (मो.9754326458) एवं श्री अखिलेश मण्डलोई, पम्प चालक (मो.6260630612) को सहयोगी के रूप में नियुक्त किया गया है। नवीन जल प्रदाय योजना से संबंधीत समस्या का निराकरण किये जाने के लिए श्री रोहित मालवीय सहायक यंत्री, पी.आई.यू (मो.8826970546), के साथ ही श्री जयेश (जे.एम.सी) (मो. 7000159701), श्री प्रदीप (जे.एम.सी.)(मो.9754216990) एवं श्री हिमांशु (जे.एम.सी.)(मो.8390284227), को सहयोगी के रूप में नियुक्त किया गया है। इसी प्रकार अग्निशमन से होने वाली दुर्घटनाओं पर त्वरित कार्यवाही किए जाने के लिए श्री अमित डामोर, उपयंत्री, (मो.8770551779), को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है और श्री भोपालसिंह रावत वाहन परं।*

## मेरा वोट मेरा अधिकार की तर्ज पर मतदाताओं को किया जागरूक

**खरगोन जिले से मुन्ना खान, ब्यूरो चीफ पुष्पांजलि टुडे**

आगामी 13 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव में आम मतदाता अपनी पसंद का उम्मीदवार चुनने के लिए अधिक से अधिक संख्या में मतदान कर सके, इसके लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कर्मवीर शर्मा के निर्देशानुसार जिले में व्यापक स्तर पर मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत जिले के प्रत्येक गांव में मतदाता जागरूकता की विविध गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कडी में 02 अप्रैल को मेरा वोट मेरा अधिकार की तर्ज पर नगर परिषद बिस्टान, भीकनगांव सेक्टर, आशापुर, सेगांव परियोजना के ग्राम जमोठी और तलकपुरा सेक्टर सहित अन्य ग्रामों में मतदाताओं को मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया। इस दौरान उन्हें बताया गया कि आगामी 13 मई को सारे काम छोड़कर सबसे पहले मतदान करने जाएं और देश के लोकतंत्र को मजबूत बनाने में अपनी भूमिका निभाएं। मतदाता जागरूकता अंतर्गत मतदाताओं को पंचायत भवन में, अमृत बाल वाटिका में तो कहीं मंदिर में ही मतदान करने की शपथ दिलाई गई। वहीं ढोल तासों के माध्यम से भी ग्रामीण क्षेत्रों में मतदाताओं को मतदान करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

# खरगोन पुलिस द्वारा अवैध कच्ची शराब का निर्माण करने वाले आरोपीयो के विरूद्ध बड़ी कार्यवाही

**खरगोन जिले से मुन्ना खान ब्यूरो चीफ पुष्पांजलि टुडे**

**70 लीटर अवैध कच्ची महुआ शराब कीमत लगभग 10,500/- रुपये जप्त, पुलिस टीम के द्वारा अवैध कच्ची महुआ शराब बनाने की सामग्री कीमत लगभग 5,000/- रूपये भी जप्त, पुलिस टीम के द्वारा मौके पर 300 लीटर महुआ लहान किमती करीबन 30,000/- रूपये को किया नष्ट, जप्तशुदा अवैध शराब, सामग्री व नष्ट किए गए लहान की कुल किमत लगभग 45,500/- रुपये**



आगामी लोकसभा चुनाव को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस महानिरीक्षक इंदौर जोन इन्दौर (ग्रामीण) श्री अनुराग एवं उप पुलिस महानिरीक्षक निमाड रेंज खरगोन श्री अतुल सिंह द्वारा अवैध शराब निर्माण, बिक्री एवं परिवहन पर अंकुश लगाने हेतु निर्देशित किया गया था । उक्त निर्देशों के परिपालन में पुलिस अधीक्षक खरगोन श्री धर्मराज मीना व अति.पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) श्री मनोहरसिंह बारीया व अति. पुलिस अधीक्षक (शहर) श्री तरूणेन्द्रसिंह बघेल व समस्त अनुविभागीय अधिकारी पुलिस व थाना प्रभारियों को प्रभावी कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया । इसी तारतम्य मे थाना मेनगाँव पर पुलिस टीम द्वारा अवैध शराब निर्माण करने वालों के विरुद्ध कार्यवाही की गई है ।

**घटना का संक्षिप्त विवरणः**-दिनांक 02.04.24 को थाना मेनगाँव पर मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि, कुंदा नदी के पास नाले के किनारे ग्राम नवलपुरा मे एक व्यक्ति भट्टी पर अवैध रूप से शराब बना रहा हैं । मुखबिर की सूचना पर तत्काल कार्यवाही करते हुए पुलिस टीम को मुखबिर के बताये स्थान कुंदा नदी के पास नाले के किनारे ग्राम नवलपुरा पर रवाना किया गया । पुलिस टीम के द्वारा मुखबिर के बताये स्थान पर पहुँच कर देखा तो एक व्यक्ति नाले के किनारे भट्टी पर अवैध रूप से कच्ची महुआ शराब बना रहा था व उसके आस पास 5 नीले रंग के व 02 सफेद रंग के ड्रम व 01 प्लास्टीक की केन रखी थी । पुलिस टीम को देख कर अवैध शराब बना रहा व्यक्ति ने भागने की कोशिश की जिसे पुलिस टीम ने घेराबंदी कर पकड़ा गया । पकड़ मे आये व्यक्ति से उसका नाम पता पूछने पर उसने अपना नाम दीपक पिता गेंदालाल वर्मा जाति कहार उम्र 32 साल निवासी अवरकच्छ का होना बताया । पुलिस टीम ने आरोपी दीपक पिता गेंदालाल के कब्जे से 70 लीटर अवैध कच्ची महुआ शराब कीमत लगभग 10,500/- रुपये, अवैध कच्ची महुआ शराब बनाने की सामग्री कीमत लगभग 5,000/- रूपये व मौके पर 300 लीटर महुआ लहान किमती करीबन 30,000/- रूपये को नष्ट किया गया । उक्त कृत्य पर से आरोपी के विरुद्ध थाना मेनगाँव पर अपराध 139/24 धारा 34(2) आबकारी एक्ट का पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया ।

**पुलिस टीम** -उक्त की गई कार्यवाही मे अनुविभागीय अधिकारी पुलिस श्री रोहित लखारे के मार्गदर्शन व थाना प्रभारी मेनगाँव निरीक्षक श्री बलराम सिंह राठौर के नेतृत्व मे सउनि सोहनलाल राठोर, कावा प्रआर 21 किशोर पाटीदार, आर. 933 तंवरसिंह राठौर, आर. 428 मोतीलाल डावर, आर.891 राजेश पटेल का विशेष योगदान रहा ।



# लगा प्रशासन, लगे भाजपाई फिर भी दो हजार भीड़ न जुट पाई

**रीवा(पुष्पांजली टुडे)।** आगामी 26 अप्रैल को होने वाले लोकसभा चुनाव के परिपेक्ष में आज सांसद जनार्दन मिश्रा को नामांकन फॉर्म भरना था उसके पहले रैली निकाली जानी थी। इसके पूर्व में मध्य प्रदेश की कम डॉक्टर मोहन यादव की एक जनसभा आयोजित की गई थी। इस जनसभा के लिए पिछले तीन दिनों से प्रचार प्रसार अभियान का दौर तेजी के साथ चलाया जा रहा था। कोठी कंपाउंड परिसर में वेंकट भवन के आगे तक पंडाल लगाया गया था और ढाई हजार कुर्सियों का इंतजाम बीजेपी द्वारा कराया गया था। माना जा रहा था कि ढाई हजार लोग कुर्सी में बैठेंगे और कम से कम ढाई हजार लोग खड़े रहेंगे, लेकिन इसे संयोग कहिए अथवा लोगों की भाजपा से नाराजगी। लोग बड़े प्रसन्न थे बैठने को कुर्सी मिल गई इसके बाद भी 400 से 500 कुर्सियां खाली रही। जो आते रहे उन्हें आराम से बैठने का इंतजाम मिलता रहा। यानी की 2000 की भीड़ वहां पर मौजूद नहीं थी लेकिन कुल मिलाकर लोग यह कह रहे थे कि डेढ़ से 2000 की भीड़ है। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि अभी आचार संहिता के पहले तक जब भाजपा के कोई कार्यक्रम हुआ करते थे तो चारों ओर प्रशासन द्वारा भीड़ जुटवा दी जाती थी। आज जब भीड़ नहीं दिखी तो मुख्यमंत्री डाक्टर मोहन यादव भी नाराज से दिखे। उधर भाजपा नेता भी इधर उधर मुंह छिपाते घूमते रहे। कहा जाता है कि इस चुनाव में भाजपा अपने जिला संगठन इकाई को भी नहीं पूछ रहा है इसलिए वह भी किनारे किनारे रह रहे हैं। भीड न जुटने का एक कारण यह भी बताया जा रहा है। उधर रीवा शहर में भाजपा के कार्यक्रम में भीड़ न जुट पाने पर लोग तरह-तरह की टिप्पणी कर रहे थे। कहा जा रहा है कि भाजपा के लोगों ने भी इस कार्यक्रम के प्रति ज्यादा रुचि नहीं दी थी उसके चलते ही भीड़ नहीं आ पाई। उधर मुख्यमंत्री मोहन यादव की नाराजगी देखकर भाजपा के नेता भी सहमे सहमे रहे।

# सीएम राइज स्कूल के बच्चों ने नए मतदाताओं को मतदान के लिए किया प्रेरित

रीवा(पुष्पांजली टुडे )।मतदाता जागरूकता के लिए विभिन्न गतिवधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में सीएम राइज स्कूल सेमरिया के बच्चों को शासकीय महाविद्यालय सेमरिया का भ्रमण कराया गया। बच्चों ने महाविद्यालय के छात्रों को मतदान करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि आप सभी नए मतदाता हैं। सभी नए मतदाताओं को लोकसभा चुनाव में मतदान निष्पक्ष रूप से करना चाहिए। जाति, धर्म, भाषा और लिंग में भेद किए बिना अपना मत का उपयोग अवश्य करें। साथ ही अपने घर के सदस्यों और आसपास के लोगों को भी मतदान करने के लिए कहें। मतदाता जागरूकता का भ्रमण कार्यक्रम स्कूल के प्राचार्य शंकर दयाल दीक्षित के मार्गदर्शन में संतोष कुमार पाण्डेय, केपी साहू तथा शबनम अंसारी द्वारा किया गया।

## स्वीप गतिविधि के तहत विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों का हुआ आयोजन



**रीवा(पुष्पांजली टुडे )।** लोकसभा निर्वाचन 2024 में मतदाताओं को शत-प्रतिशत मतदान करने के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से स्वीप गतिविधि के तहत विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत शासकीय शहीद केदारनाथ महाविद्यालय मऊगंज में भ्रषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जबकि शासकीय महाविद्यालय गोविंदगढ़ में लघु गायन नाटिका के माध्यम से मतदाता जागरूकता का संदेश दिया गया। महिला एवं बाल विकास विभाग अन्तर्गत रायपुर कर्चुलियान क्रमांक एक में मतदाता जारूकता की शपथ दिलाने के साथ ही मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन कर मतदान के लिए प्रेरित किया गया है। इसी क्रम में दीवार लेखन कर लोगों को मतदान में भाग लेने के लिए जागरूक किया गया।

# कलेक्टर ने 9 आदतन अपराधियों को किया जिला बदर

**रीवा(पुष्पांजली टुडे )।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल ने 9 आदतन अपराधियों को जिला बदर के आदेश दिए हैं। लोकसभा चुनाव के समय कानून और व्यवस्था बनाए रखने तथा आमजनता की सुरक्षा को ध्यान में रखकर यह कार्यवाही की गई है। आदतन अपराधियों को बार-बार समझाइश के बावजूद इनके आचरण में किसी तरह का सुधार नहीं हो रहा है। इनके कृत्यों से जनमानस में आतंक एवं भय व्याप्त है। इनका स्वच्छंद रहना आमजनता के लिए हितकर नहीं है जिसके कारण कलेक्टर द्वारा पुलिस अधीक्षक विवेक सिंह के प्रतिवेदन के आधार पर जिला बदर की कार्यवाही की गई है। इन सभी आदतन अपराधियों को एक वर्ष की अवधि के लिए रीवा जिले की राजस्व सीमाओं सहित मऊगंज, सिंगरौली, सीधी तथा सतना जिले की सीमाओं से बाहर रहने के आदेश दिए गए हैं। सक्षम अधिकारी के आदेश के बाद ही ये रीवा जिले की सीमाओं में प्रवेश कर सकेंगे। आदेश का उल्लंघन करने पर दण्डात्मक कार्यवाही की जाएगी। जारी आदेश के अनुसार कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी ने टिंकू उर्फ उदयराज सिंह निवासी पोखरी टोला समान, राहुल कुशवाहा निवासी बैजनाथ थाना चोरहटा, रजनीश मिश्रा निवासी वार्ड क्रमांक 12 शांति नर्सिंग होम के पास, प्रिंस साकेत उर्फ लकी साकेत निवासी विकास कालोनी अमहिया, अजय केवट निवासी मड़वाही टोला रायपुर कर्चुलियान, जयकरण पटेल निवासी अमिलकी, नागेन्द्र पटेल उर्फ झल्लू निवासी चौड़ियार मोड़ महसांव, नीलेश पटेल निवासी दुआरी थाना गुड़ तथा उमेश कोरी निवासी लोही थाना गुड़ को एक वर्ष की अवधि के लिए जिला बदर का आदेश दिया है।

# पुलिस एवं प्रशासन ने आगामी चुनावों के लिये विशेष पुलिस अधिकारयों को दिया चुनावी प्रशिक्षण

## कोलारस अनुभाग में 958 लोगो को विशेष पुलिस अधिकारी का प्रशिक्षण कराया गया है

अनिल कुशवाह
पुष्पांजलि टुडे





शिवपुरी-पुलिस अधीक्षक शिवपुरी अमन सिंह राठौड़ के द्वारा आगामी चुनावों को शांति पूर्ण तरीके से समन्न कराने हेतु प्रशासन के साथ मिलकर चुनाव के दौरान विशेष पुलिस अधिकारियों को प्रशिक्षण देने हेतु निर्देशित किया गया है । पुलिस अधीक्षक के उक्त निर्देशों के पालन मे आज दिनांक 02.04.2024 को शिवपुरी पुलिस द्वारा प्रशासन के साथ मिलकर आज करैरा अनुभाग मे अतिथि शिक्षक, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं, सहायिकाओं, आशा कार्यकर्ता, एवम कोटवारों को चुनावों के दौरान ड्युटी करने हेतु प्रशिक्षण दिया गया है । लोकसभा निर्वाचन 2024 में अनुविभाग कोलारस एसडीएम महोदय श्री विजेन्द्र यादव ने आयोग के निर्देशों के पालन में विशेष पुलिस अधिकारी के रूप में कोलारस ब्लॉक के समस्त अतिथि शिक्षक, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं, सहायिकाओं, आशा कार्यकर्ता, एवम कोटवारों को प्रशिक्षण दिया गया । प्रशिक्षण में सम्मिलित लोगो को संबोधित करते हुए एसडीएम श्री विजेन्द्र यादव ने कहा कि आप लोगो को बड़ी जिम्मेदारी आयोग द्वारा दी गई है, उसके तहत आपको विशेष पुलिस अधिकारी के रूप में कार्य करना है, आप लोग भयमुक्त एवम निष्पक्ष रूप से निर्वाचन प्रक्रिया संपन्न कराए । किसी प्रकार की राजनैतिक गतिविधियों से दूरी बना कर रखे । सर्वप्रथम पुलिस अधिकारी के रूप में कार्य करने हेतु निर्वाचन आयोग द्वारा प्रस्तुत प्रक्रिया की फिल्म भी दिखाई गई, जिसमे विस्तार से सभी कर्तव्यों के बारे में समझाया गया । प्रशिक्षण में पुलिस की ओर से एसडीओपी कोलारस श्री विजय कुमार यादव, थाना प्रभारी कालारस निरी. अजय जाट एवं सूबेदार नीतु अवस्थी उपस्थित रहे । सभी को पुलिस अधिकारी के कर्तव्य व अधिकारों के बारे में बताते हुए कहा कि आप लोगो को आदर्श आचार संहिता का पूर्णतः पालन करना होगा एवं दिये हुए कर्तव्यों का पालन करना करते हुये चुनाव ड्युटी करना है ।


# जिला प्रशासन द्वारा आदतन अपराधी के विरूद्ध की जा रही कड़ी कार्यवाही 3 आदतन अपराधी जिलाबदर

अनिल कुशवाह
पुष्पांजलि टुडे

शिवपुरी-जिला प्रशासन द्वारा आदतन अपराधी के विरूद्ध की जा रही कार्यवाही की कड़ी में कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी रवीन्द्र कुमार चौधरी द्वारा पुलिस अधीक्षक की अनुशंसा पर जिले के 3 आदतन अपराधियों को जिलाबदर घोषित कर शिवपुरी जिले तथा उसके समीपवर्ती जिलों की सीमा से तीन माह तथा छह माह के लिए जिलाबदर किये जाने का आदेश जारी किया है। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी रवीन्द्र कुमार चौधरी ने अपराधी सोनू कंजर पुत्र मोहनलाल कंजर थाना करैरा को 3 माह की अवधि के लिये तथा दो आदतन अपराधी विक्रम जाट पुत्र हरी सिंह जाट थाना कोलारस एवं दिनेश जाटव पुत्र कल्ला जाटव थाना सिरसौद को 6 माह की अवधि के लिये जिला बदर घोषित कर शिवपुरी जिले तथा उसके समीपवर्ती जिले श्योपुर, ग्वालियर, गुना, अशोकनगर, मुरैना व दतिया जिले की सीमा से जिलाबदर किया है।

# हाईटेंशन लाइन का तार टूटने से खेतों में लगी आग, भारी नुकसान

औरैया - थाना क्षेत्र के ग्राम द्वारिकापुर में उस समय ह?कंप मच गया। जब हाईटेंशन लाइन का तार टूट कर एक किसान के खेत में पकी खड़ी गेहूं की फसल में हाई टेंशन बिजली का तार टूटकर गिरने से गेहूं की फसल में आग लग गई। जब तक ग्रामीण आग पर काबू पाते पूरी फसल जल कर खाक हो चुकी थी। सूचना पर पहुंची फायर बिग्रेड कर्मी व क्षेत्राधिकारी राम मोहन शर्मा व थाना प्रभारी गंगादास गौतम मय हमराही फोर्स के साथ मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की, तथा ग्रामीणो ने क?ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। लेकिन तब तक किसान की एक बीघा खेती जो बटाई पर लिए हुए हैं, जलकर खाक हो चुकी थी। ग्राम द्वारिकापुर निवासी किसान लेखराज पुत्र छेदालाल मेहनत मजदूरी कर खेत बटाई पर लेकर खेतों में अनाज पैदा करता है। मंगलवार को सुबह 10 बजे खेत के ऊपर से निकली हाई टेंशन लाइन का तार टूट कर गेहूं के खेत में गिरने से



आग लग गई। ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पाया गया। गलीमत रही तेज हवा नहीं चल रही थी, जिससे आस पास पकी खड़ी गेहूं की फसल बच सकी जब तक फायर ब्रिगेड आयी तब तक ग्रामीणों ने आग पर काबू पा लिया था। वहीं किसान लेखराज ने बताया कि उसने नगला पाठक निवासी एक किसान की जमीन बटाई पर ली हुई है, उसने गेहूं की फसल बोई थी। फसल पक जाने के बाद जब उन्होंने फसल की कटाई करने बाले ही थे, कि मंगलवार को मुसीबत ने उसके सारे अरमानों को जला दिया। उसकी फसल पर गिरे हाईटेंशन लाइन के तार से सूखी खड़ी गेहूं की फसल में आग लग गयी। आग लगते देख वहां खेत पर काम कर रहे किसानों में अफरा तफरी मच गयी। खेत में लगी आग को देख तुरंत फायर बिग्रेड को फोन किया गया। जब तक फसल जल चुकी थी। किसान देशराज ने बताया कि करीब चालीस हजार रुपए का नुक़सान हुआ है। किसान ने प्रशासन से मदद के लिए जांच कराके आर्थिक सहायता मुहैय्या कराने की मांग की है।

# सेक्टर आफीसर निर्वाचन की सबसे महत्वपूर्ण कड़ी हैः कलेक्टर

**रीवा(पुष्पांजली टुडे )।** माखनलाल चतुर्वेदी पत्रकारिता विश्वविद्यालय के सभागार में सेक्टर आफीसरों का चुनाव प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल ने कहा कि सेक्टर आफीसर निर्वाचन की सबसे महत्वपूर्ण कड़ी है। मतदान केन्द्र

## सेक्टर आफीसर ही मतदान दल को कार्यमुक्त करेंगे : कलेक्टर

की व्यवस्थाओं से लेकर मतदान संपन्न कराने में आपकी भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है। मतदान दल को किसी भी तरह की कठिनाई आने पर सेक्टर आफीसर को ही उसका निराकरण करना है। रिजर्व में दी गई ईव्हीएम मशीनों की भी जिम्मेदारी सेक्टर आफीसर पर ही होती है। इसलिए सभी सेक्टर आफीसर प्रशिक्षण की हर जानकारी को आत्मसात कर लें। निर्वाचन आयोग के निर्देशों का भलीभांति अध्ययन कर लें। अपना कार्य पूरी जिम्मेदारी से करें। कानून और व्यवस्था में किसी भी तरह की स्थिति आने पर अपने क्षेत्र के एआरओ से तत्काल संपर्क कर समस्या का समाधान करें।

कलेक्टर ने कहा कि सभी सेक्टर आफीसर रिजर्व ईव्हीएम को सबसे पहले ईव्हीएम वेयरहाउस में जमा





कराएंगे। इसके बाद इंजीनियरिंग कालेज में पहुंचकर अपने सेक्टर के मतदान दलों से ईव्हीएम तथा मतदान सामग्री जमा कराएंगे। मतदान दल के सदस्यों को सेक्टर आफीसर ही कार्यमुक्त करेंगे। यदि कोई सेक्टर आफीसर एआरओ को रिपोर्ट दिए बिना स्थल से जाएगा अथवा कोई मतदान कर्मी बिना रिलीव हुए स्थल छोड़ेगा तो उसके विरूद्ध दण्डात्मक कार्यवाही की जाएगी। सभी सेक्टर आफीसर अपने सेक्टर का कम से कम तीन बार भ्रमण अवश्य कर लें। भ्रमण के बाद मतदान केन्द्र की सुविधाओं तथा वर्नबिलिटी के संबंध में निर्धारित रिपोर्ट प्रस्तुत करें। प्रशिक्षण देते हुए आयुक्त नगर निगम श्रीमती संस्कृति जैन ने कहा कि मतदान सामग्री का वितरण और उसे जमा करने का कार्य इंजीनियरिंग कालेज में होगा। सेक्टर आफीसर अपने निर्धारित स्थल पर रहकर मतदान दलों से सामग्री जमा कराएंगे। सेक्टर आफीसरों को प्रशिक्षण देते हुए मास्टर ट्रेनर डॉ अमरजीत सिंह ने कहा कि सभी सेक्टर आफीसर ईव्हीएम मशीन के संचालन में पूरी कुशलता प्राप्त कर लें। मतपत्र लेखा निर्माण तथा अन्य प्रपत्रों को भरने के संबंध में भी निर्देशों का भलीभांति अध्ययन कर लें। प्रशिक्षण में मॉकपोल, ईव्हीएम के संचालन, मतपत्र लेखा तैयार करने, मतदान केन्द्र की व्यवस्थाओं के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। मास्टर ट्रेनर ने बताया कि लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत एप के माध्यम से प्रत्येक दो घण्टे में मतदान के संबंध में जानकारी दी जाएगी। सेक्टर आफीसर मतदान दिवस से एक दिन पूर्व इस एप को पीठासीन अधिकारी के मोबाइल फोन पर डाउनलोड कराकर उनका पंजीयन कराएंगे। इस एप के माध्यम से ही विभिन्न जानकारियाँ भेजी जाएंगी। सेक्टर आफीसर मतदान केन्द्र के भ्रमण के दौरान मॉकपोल के बाद ईव्हीएम के पूरी तरह से क्लियर होने का सत्यापन अवश्य करें। प्रशिक्षण में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ सौरभ सोनवणे, अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रेयस गोखले, सभी सहायक रिटर्निंग आफीसर तथा सेक्टर आफीसर उपस्थित रहे।

## सम्पादकीय

# ग्रामीण क्षेत्र पर दबाव

*वित्त वर्ष 2023-24 के आखिरी दिन आई यह खबर कई लिहाज से परेशान करने वाली है कि मनरेगा के तहत साल भर में मुहैया कराए गए कार्य दिवसों की कुल संख्या 305.2 करोड़ तक पहुंच गई, जो महामारी से पहले (2019-20) के लेवल से 40 करोड़ ज्यादा है। इससे संकेत मिलता है कि ग्रामीण क्षेत्रों में दिक्कत ज्यादा है, जिससे वहां मनरेगा के तहत काम की मांग बढ़ी है। लोगों को वहां अच्छे रोजगार नहीं मिल रहे। मनरेगा ऐसी योजना है, जो देश के ग्रामीण इलाकों में अकुशल श्रमिकों के लिए आजीविका की आखिरी उम्मीद मानी जाती है। साल 2019-20 के दौरान इस योजना में लोगों की भागीदारी बारिश, मॉनसून, सूखा जैसे सामान्य मौसमी कारकों से प्रभावित हुई थी। उस साल इस योजना के तहत 265.3 करोड़ कार्यदिवस दर्ज हुए थे। उसके बाद महामारी और लॉकडाउन के दौरान देश में शहरों से गांवों की ओर असाधारण पलायन हुआ जिसका प्रभाव मनरेगा समेत जीवन के तकरीबन हर क्षेत्र में देखा गया। मनरेगा में उस साल (2020-21) 389.9 करोड़ कार्यदिवस दर्ज हुए, जो अब तक का रेकॉर्ड है। लेकिन महामारी की लहरें शांत होने के बाद जैसे-जैसे इकॉनमी उस झटके से उबरती गई, यह उम्मीद बढ़ी कि ग्रामीण क्षेत्रों के अनस्किल्ड लेबर को विभिन्न क्षेत्रों में आजीविका मिलती जाएगी और मनरेगा पर दबाव कम होगा। लेकिन अगर अभी भी वहां यह दबाव बना हुआ है जिसका अर्थ है कि या तो लोगों को शहरों में गुणवत्ता वाले काम मिलने की उम्मीद नहीं है या वे गांव छोड़कर शहर जाना नहीं चाहते। 2022-23 में भी इस योजना के तहत 293.7 करोड़ कार्यदिवस दर्ज हुए, जो 2019-20 के मुकाबले 28.4 करोड़ ज्यादा थे। यही नहीं, इस साल यानी 2023-24 में यह अंतर बढ़कर 40 करोड़ तक पहुंच गया। ध्यान रहे इस संख्या में संशोधन अपेक्षित है। इस महीने के आखिर तक अंतिम संख्या आएगी और माना जाता है कि वह इससे और ज्यादा होगी। यह स्थिति खास तौर पर ध्यान देने लायक इस लिहाज से भी है कि इस दौरान इकॉनमी में ग्रोथ की रफ्तार अच्छी रही है। भारत आज भी दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में शामिल है। लेकिन यह वृद्धि अनस्किल्ड लेबर के सबसे कमजोर हिस्सों के लिए कोई राहत लेकर नहीं आई। अन्य क्षेत्रों से कोई बेहतर विकल्प उपलब्ध न होने की वजह से ही ग्रामीण क्षेत्रों की श्रम शक्ति इसी योजना में खपाई जा रही है। आम चुनावों के दौरान शुरू होने वाली गतिविधियों में जरूर इस श्रम शक्ति के एक हिस्से को कुछ रोजगार मिल सकता है, लेकिन उसकी गुणवत्ता अच्छी नहीं होगी। इन क्षेत्रों में कुछ पैसा पहुंचने की भी उम्मीद की जा सकती है। लेकिन इसका स्वरूप अस्थायी होगा। ऐसे में तात्कालिक राहत मिल भी जाए तो उसे समस्या का हल नहीं माना जा सकता। जाहिर है, चुनावों के बाद नई सरकार को इस मोर्चे पर ठोस और टिकाऊ नतीजे देने वाले सुविचारित कदम उठाने होंगे।*

# दिल्ली की रावड़ी देवी बन सकती हैं सुनीता

**उत्तर प्रदेश में बसपा की मायावती ने पांच बार मुख्यमंत्री बनकर जय ललिता का मुकाबला करने की कोशिश की। श्रीमती राजकुमार भट्टल भी 1996 से 1997 के बीच पंजाब की पहली मुख्यमत्री बनी। देश को पहली रावडी देवी 1997 में बिहार की मुख्यमंत्री के रूप में मिलीं और वे 2005 तक मुख्यमंत्री रहीं। उन्हें ये पद अपने पति से उत्तराधिकार में मिला था। सुषमा स्वराज को भी 1998 में तीन माह के लिए दिल्ली का मुख्यमंत्री बनने का मौका मिला,लेकिन दिल्ली को पूर्णकालिक मुख्यमंत्री के रूप में श्रीमती शीला दीक्षित [1998 से 2013 ] ही मिलीं। वे लगातार दो बार दिल्ली की मुख्यमंत्री रही। श्रीमती शीला दीक्षित के बाद मप्र में 2003 में उमा भारती ,राजस्थान में बसुंधरा राजे और बंगाल में ममता बनर्जी ने मुख्यमंत्री का पद सम्हाला। जम्मू-कश्मीर में मेहबूबा मु ?ती और गुजरात में ये सौभाग्य श्रीमती आनंदी बेन पटेल को मिला। लेकिन इनमें से कोई भी रावडी देवी की तरह मुख्यमंत्री नहीं बनाया गया। कुछ सीधे अपने चेहरे के आधार पर चुनाव ल ?कर मुख्यमंत्री बनीं और कुछ को राजनीतिक परिस्थितियों के तहत मजबूरी में मुख्यमंत्री बनाया गया। मौजूदा समय में दिल्ली में एक बार फिर ऐसी परिस्थितिया बन रहीं हैं की मौजूदा मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के स्थान पर उनकी पत्नी श्रीमती सुनीता केजरीवाल को दिल्ली का मुख्यमंत्री बना दिया जाये। देश की पहली रावडी देवी एकदम घरेलू महिला थी। उनकी शिक्षा भी सांकेतिक थीं।**

*भारतीय राजनीति में सत्ता के हस्तांतरण के अनेक रोचक उदाहरण हैं, लेकिन बिहार की श्रीमती रावडी देवी जैसा कोई नहीं।भारत में महिला मुख्यमंत्री होना ब?ी बात नहीं है लेकिन पति के उत्तराधिकार के रूप में मुख्यमंत्री होना एक इतिहास है। भारत के राजनीतिक इतिहास में हमेशा अनूठा रचने वाले बिहार में 1997 में तत्कालीन मुख्यमंत्री लालू प्राद यादव को चारा घोटाला में सजा बतौर जेल जाना प?ा तो उन्होंने अपनी पत्नी श्रीमती रावडी देवी को ही मुख्यमंत्री बना दिया था। अब यही हालात कमोवेश दिल्ली में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की शराब घोटाले में गिरफ्तारी के बाद बन रहे है। अटकलें लगाई जा रहीं हैं कि यदि केजरीवाल को जमानत न मिली और यदि उन्हें अपने पद से इस्तीफा देना पड़ा तो श्रीमती सुनीता केजरीवाल को दिल्ली की रावडी देवी बनाया जा सकता है। कहने को तो भारत की पहली मुख्यमंत्री श्रीमती सुचेता कृपलानी रह चुकी हैं ,उनके बाद देश के आधा दर्जन राज्यों में महिलाओं ने मुख्यमंत्री पद सम्हाला लेकिन रावडी देवी कोई दूसरा नहीं बन पाया। सुचेता जी 1963 से 1967 तक उत्तर प्रदेश देश की मुख्यमंत्री रही। उनके बाद ओडिशा में नंदिनी सत्पथी को एक साल के लिए [1972 - 1973 ] मुख्यमंत्री बनाया गया। उधर गोवा में श्रीमती शशिकला काकोदकर 1973 से 1979 तक मुख्यमंत्री रहीं। उनके पिता दयानद बंदोदकर भी मुख्यमंत्री रह चुके थे। असम में सैयद अनवरा तैमूर को कांग्रेस ने 1980 से 1981 की अवधि के लिए मुख्यमंत्री बनाया। तमिलनाडु में सुश्री जयललिता ने छह बार मुख्यमंत्री बनकर नया कीर्तिमान बनाया। हालांकि उनसे पहले श्रीमती जानकी रामचंद्रन भी एक महीने के लिए तमिलनाडु की पाली महिला मुख्यमंत्री बनाई गयी थीं । उत्तर प्रदेश में बसपा की मायावती ने पांच बार मुख्यमंत्री बनकर जय ललिता का मुकाबला करने की कोशिश की। श्रीमती राजकुमार भट्टल भी 1996 से 1997 के बीच पंजाब की पहली मुख्यमत्री बनी। देश को पहली रावडी देवी 1997 में बिहार की मुख्यमंत्री के रूप में मिलीं और वे 2005 तक मुख्यमंत्री रहीं। उन्हें ये पद अपने पति से उत्तराधिकार में मिला था। सुषमा स्वराज को भी 1998 में तीन माह के लिए दिल्ली का मुख्यमंत्री बनने का मौ?ा मिला,लेकिन दिल्ली को पूर्णकालिक मुख्यमंत्री के रूप में श्रीमती शीला दीक्षित [1998 से 2013 ] ही मिलीं। वे लगातार दो बार दिल्ली की मुख्यमंत्री रही। श्रीमती शीला दीक्षित के बाद मप्र में 2003 में उमा भारती ,राजस्थान में बसुंधरा राजे और बंगाल में ममता बनर्जी ने मुख्यमंत्री का पद सम्हाला। जम्मू-कश्मीर में मेहबूबा मुफ्ती और गुजरात में ये सौभाग्य श्रीमती आनंदी बेन पटेल को मिला। लेकिन इनमें से कोई भी रावडी देवी की तरह मुख्यमंत्री नहीं बनाया गया। कुछ सीधे अपने चेहरे के आधार पर चुनाव लड़कर मुख्यमंत्री बनीं और कुछ को राजनीतिक परिस्थितियों के तहत मजबूरी में मुख्यमंत्री बनाया गया। मौजूदा समय में दिल्ली में एक बार फिर ऐसी परिस्थितिया बन रहीं हैं की मौजूदा मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के स्थान पर उनकी पत्नी श्रीमती सुनीता केजरीवाल को दिल्ली का मुख्यमंत्री बना दिया जाये। देश की पहली रावडी देवी एकदम घरेलू महिला थी। उनकी शिक्षा भी सांकेतिक थीं। वे पहले कार्यकाल में तो गूंगी गुड़िया बनकर रहीं थीं ,लेकिन यदि श्रीमत सुनीता केजरीवाल दूसरी रावड़ी बनतीं हैं तो वे उच्च शिक्षित हैं। वे आईआरएस हैं। सुनीता को 20 साल से ज्यादा सिविल सर्वी?स का भी अनुभव है। सुनीता केजरीवाल ने जूलॉजी में मास्टर्स डिग्री हासि?ल की हैवे 1993 बैच की आईआरएस आईआरएस अधिकारी सुनीता की पहली मुलाकात उस दौरान 1995 बैच के आईआरएस अधिकारी अरविंद केजरीवाल से भोपाल में हुई. दोनों ही एक प्रशिक्षण कार्यक्रम में मिले , बाद में इसी मुलाकात की परिणति शादी में बदल गई. इसके बाद जब अरविंद केजरीवाल ने साल 2006 में आईआरएस के पद से इस्तीफा दिया था तब भी सुनीता सिविल सर्विस में रहीं। इस समय वे अपने पति की गैरमौजूदगी में अघोषित रूप से दिल्ली की सरकार चला रहीं हैं।*

# हजार चिंताएं, एक समाधान

मोटे तौर पर आने वाले समय में कुछ नकारात्मक हो सकने की कल्पना और उससे उपजा भय ही चिंता है। इस कल्पना के सही होने के चांस कितने हैं, यह डेल कारनेगी बता रहे हैं। कारनेगी अमेरिकन थिंकर, लेकचरर और लेखक थे। बड़ी–बड़ी कंपनियां उनके ट्रेनिंग प्रोग्राम कराती हैं । अपनी बुक हाऊ टु स्टॉप वरिंग एंड स्टार्ट लिविंग में उन्होंने बताया कि कैसे उनका बचपन चिंताओं से घिरा हुआ था। उन्हें चिंता थी कि तूफान आने के दौरान उन पर बिजली न गिर जाए। पैसे की तंगी होती तो चिंता सताती कि कहीं खाने तक का अनाज ही न बचे। मरने के बाद नरक जाने की चिंता, स्कूल के किसी लड़के द्वारा कान काट लेने की चिंता। यह चिंता कि कोई लड़की उनसे शादी ही नहीं करेगी। शादी हो गई तो पत्नी से क्या बात करूंगा। ऐसी ऐसी चिंताओं पर वह घंटों चिंतित रह लेते।

कुछ दिनों से ऐसे लोगों से बातचीत ज्यादा हो रही है, जो किसी न किसी बात को लेकर चिंतित हैं। किसी की चिंता बच्चों की पढ़ाई की है। मार्च में एग्जाम होने हैं। चिंता खाए जा रही है कि कहीं वे एग्जाम में फेल न हो जाएं या बहुत बुरे नंबर न ले आएं। किसी को चिंता है नौकरी की। समय बदल रहा है, नौकरी के तौर तरीके बदल रहे हैं, आर्टिफिशल इंटेलिजेंस जैसी चीजें नौकरियां निगल सकती हैं, कहीं हम आने वाले समय में बेकार न हो जाएं, नौकरी से निकाल न दिए जाएं। ऐसा हुआ तो क्या करेंगे। किसी की चिंता संबंधों के खराब होने की है। किसी का बिजनेस उसकी उम्मीद के मुताबिक नहीं चल रहा। हजार चिंताएं हैं। आप पूछेंगे कि चिंता किसे नहीं है। कुछ तो मानते हैं कि जिसे किसी बात की चिंता नहीं, वो बेहद लापरवाह शख्स ही होगा। बेपरवाही कोई गुण थोड़े ही है। यानी धारणा बन गई है कि चिंता तो होनी ही चाहिए। कुछ हद तक यह सही भी है। परिणाम के बारे में पहले से कल्पना करना सहज मानवीय प्रवृत्ति है, लेकिन यह कल्पना जब परेशान करने लग जाए तो समझिए आप चिंता में हैं। इससे पूरी तरह बचा नहीं जा सकता। लेकिन यह भी सच है कि इस कल्पना को नियंत्रण में रखकर चिंता की गंभीरता और गहराई को घटाया जा सकता है। चिंता है क्या? मोटे तौर पर आने वाले समय में कुछ नकारात्मक हो सकने की कल्पना और उससे उपजा भय ही चिंता है। इस कल्पना के सही होने के चांस कितने हैं, यह डेल कारनेगी बता रहे हैं। कारनेगी अमेरिकन थिंकर, लेकचरर और लेखक थे। बड़ी-बड़ी कंपनियां उनके ट्रेनिंग प्रोग्राम कराती हैं । अपनी बुक हाऊ टु स्टॉप वरिंग एंड स्टार्ट लिविंग में उन्होंने बताया कि कैसे उनका बचपन चिंताओं से घिरा हुआ था। उन्हें चिंता थी कि तूफान आने के दौरान उन पर बिजली न गिर जाए। पैसे की तंगी होती तो चिंता सताती कि कहीं खाने तक का अनाज ही न बचे। मरने के बाद नरक जाने की चिंता, स्कूल के किसी लड़के द्वारा कान काट लेने की चिंता। यह चिंता कि कोई लड़की उनसे शादी ही नहीं करेगी। शादी हो गई तो पत्नी से क्या बात करूंगा। ऐसी ऐसी चिंताओं पर वह घंटों चिंतित रह लेते। वक्त गुजरता गया तो पता चला कि इनमें से 99 पर्सेंट चीजें तो कभी हुई ही नहीं। डेल ने नेशनल सेफ्टी काउंसिल की रिपोर्ट में पढ़ा कि एक साल में बिजली गिरने से उनके मरने की संभावना तीन लाख पचास हजार में से एक थी। ऐसा ही दूसरी चिंताओं के बारे में है। डेल कहते हैं, अगर हम यह समझ लें कि औसत के हिसाब से हमारी चिंताओं के सच में बदलने की कितनी संभावना हैं तो हमारी 90 पर्सेंट चिंताएं तो अपने आप ही दूर हो जाएंगी। खैर, बाकी कुछ न समझ आए तो एक बेसिक याद कर लीजिए। जिस चीज पर आपका जोर नहीं, उसकी चिंता करके भी आप क्या कर लेंगे। तो चिंता छोड़िए, अपना कर्म करते रहिए बस।

# विपक्षी गठबंधन में रार

महाराष्ट्र में सीट बंटवारे पर लंबी बातचीत के बाद भी किसी नतीजे पर पहुंचे बगैर जिस तरह से शिवसेना ने अपने उम्मीदवारों की पहली सूची जारी कर दी और प्रकाश आंबेडकर की वंचित बहुजन आघाड़ी ने बातचीत समाप्त करते हुए अकेले चुनाव लड़ने की घोषणा कर दी, वह विपक्षी दलों के एकजुटता प्रयासों पर सख्त टिप्पणी है। इस तरह के एकतरफा फैसले बताते हैं कि विपक्षी दलों ने देशव्यापी गठबंधन आईएनडीआईए की घोषणा भले कर दी हो, उनमें आपसी मतभेदों को बातचीत से सुलझाने का कोई कारगर मैकेनिज्म डिवेलप नहीं हो पाया है। इससे वोटरों के एक हिस्से के मन में बैठे इस संदेह को भी ताकत मिलती है कि जब ये दल चुनाव से पहले कोई तालमेल नहीं बना पा रहे तो बहुमत मिलने के बाद पांच साल सरकार कैसे चलाएंगे। कांग्रेस में तीखी प्रतिक्रिया – हालांकि चाहे बात मुंबई की हो या सांगली की, दोनों जगह शिवसेना के इस कदम से कांग्रेस ही प्रभावित हो रही दिखती है। सांगली पारंपरिक तौर पर कांग्रेस की सीट रही है। वहां आजादी के बाद से 2014 तक कांग्रेस ही जीतती रही है। वह राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री वसंत दादा पाटिल की सीट रही है। इस बार उनके पोते विशाल पाटिल को कांग्रेस का टिकट दिए जाने की चर्चा थी।

मुंबई कांग्रेस की मौजूदा अध्यक्ष वर्षा गायकवाड़ और पूर्व अध्यक्ष संजय निरुपम दोनों इस स्थिति से नाराज बताए जाते हैं। निरुपम ने तो अल्टिमेटम देते हुए यहां तक कह दिया है कि अगर पार्टी नेतृत्व इस मसले पर कोई स्टैंड नहीं लेता तो उनके सभी विकल्प खुले हैं। कांग्रेस के लिए यह कठिन स्थिति इसलिए भी है कि इससे कार्यकर्ताओं में यह संदेश जा सकता है कि पार्टी अपनी जमीन बचाने को लेकर गंभीर नहीं है। लेकिन ज्यादा सीटों पर लड़ने के बजाय विपक्षी गठबंधन की सीट संख्या बढ़ाने के घोषित लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए देखें तो कांग्रेस नेतृत्व का कथित नरम रुख असंगत नहीं लगता। मुंबई की ये सीटें पिछले दोनों लोकसभा चुनावों में पार्टी हार चुकी है। दूसरी तरफ शिवसेना के सामने पिछले चुनाव में अविभाजित पार्टी की जीती तमाम सीटें बचाने की चुनौती है। संभवतः यही वजह है कि कांग्रेस ने आधिकारिक तौर पर कड़ा बयान जारी नहीं किया है। वंचित बहुजन आघाड़ी का बाहर निकलना जरूर विपक्षी गठबंधन के लिए एक झटका है। वह भले ज्यादा सीटें न निकाल पाए लेकिन कई सीटों पर फैसले को प्रभावित करने की स्थिति में है। कुल मिलाकर देखें तो आईएनडीआईए से जुड़ी पार्टियां अगर चुनावी लड़ाई से पहले हार नहीं जाना चाहतीं तो उन्हें आपसी विवाद और सार्वजनिक सरफुटौव्वल से बनते नैरेटिव को गंभीरता से लेना होगा।

# सकारात्मक सोच का महत्व

*सकारात्मक सोच एक मानसिक दृष्टिकोण है जो हमें जीवन के विभिन्न पहलुओं को सकारात्मक रूप से देखने और समाधान की दिशा में सोचने की क्षमता प्रदान करता है। इसमें हम अपनी जीवन की समस्याओं और चुनौतियों को सकारात्मक दृष्टिकोण से देखते हैं, जिससे हमारे मन को ऊर्जावान और प्रेरित किया जाता है। यह हमें आत्मविश्वास और स्वावलंबन की भावना प्रदान करता है और हमें अपने लक्ष्यों की दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करता है। इसका महत्व हमारे जीवन के हर क्षेत्र में होता है, चाहे वह व्यक्तिगत जीवन हो, पेशेवर जीवन हो, या सामाजिक दायित्वों का निर्वाह करना हो। एक सकारात्मक मानसिकता हमें आगे बढ़ने की ऊर्जा और संजीवनी की दिशा में ले जाती है, जिससे हम अपने लक्ष्यों को प्राप्त कर सकते हैं और अपने जीवन को संतुष्ट, खुशहाल और समृद्ध बना सकते हैं। सकारात्मक सोच का महत्व और इसके प्रभाव को समझाने के लिए, हमें पहले सकारात्मक सोच का मतलब समझना आवश्यक है। सकारात्मक सोच एक दृष्टिकोण है जो हमें जीवन में खुशियाँ, समाधान और सफलता ढूंढने की क्षमता प्रदान करता है। इसे एक प्रकार की मानसिक अवस्था के रूप में भी व्याख्या किया जा सकता है जिसमें व्यक्ति द्वारा नकारात्मक और सकारात्मक तत्वों के प्रति उनकी धारणाओं का प्रभाव होता है। सकारात्मक सोच का महत्व हमारे जीवन के हर क्षेत्र में होता है। यह हमें अवसरों को देखने की क्षमता प्रदान करता है, जिससे हम अपने लक्ष्यों की ओर बढ़ सकते हैं। सकारात्मक सोच वास्तविकता को स्वीकार करने में हमें मदद करती है, जिससे हम अपनी क्षमताओं को समझ सकते हैं और सफलता की दिशा में काम कर सकते हैं। सकारात्मक सोच के प्रभाव से हम अपने जीवन में बदलाव ला सकते हैं। यह हमें निराशा और नकारात्मकता की बजाय समाधान और संजीवनी की दिशा में ले जाती है। इससे हमारी आत्म-संवाद और आत्म-संज्ञान बढ़ती है, जिससे हम अपने लक्ष्यों की दिशा में और अधिक सक्षम होते हैं। सकारात्मक सोच को विकसित करने के लिए, हमें अपने विचारों और धारणाओं को संवीक्षित करने की आवश्यकता होती है। हमें सकारात्मक मानसिकता और धैर्य के साथ अपनी समस्याओं का सामना करना चाहिए। सकारात्मक सोच हमें संकटों का सामना करने की क्षमता प्रदान करती है, जिससे हम अपनी स्थिति को सुधार सकते हैं और अधिक सक्षम हो सकते हैं। सकारात्मक सोच हमें अन्य लोगों के साथ भी अच्छे रिश्ते बनाने में मदद करती है। यह हमें सहानुभूति, सहयोग और समर्थन प्रदान करने में सक्षम बनाती है, जो हमारे और हमारे परिवार और समुदाय के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। अन्त में, सकारात्मक सोच हमें जीवन में संतुष्टि, समृद्धि और सहज समाधान की ओर ले जाती है। यह हमारे जीवन को सजीव, खुशहाल और संतुलित बनाने में मदद करती है।*



# पति को कराएं

## बच्चे की जिम्मेदारी का अहसास

**एक मां ही यह बता सकती हैं कि पेरेंटिंग का अनुभव कितना आनंददायक होता है। अक्सर पुरूष इसे बहुत भारी जिम्मेदारी के तौर पर देखते हैं और शुरू से उन्हें यह लगता है कि बच्चे का पालन-पोषण मां की जिम्मेदारी होती है।**

बच्चे को सही परवरिश देना मां और पिता दोनों का काम होता है, पर बच्चे की परवरिश का जिम्मा मां पर ही आता है। अगर आप चाहती हैं कि आपके पति को भी बच्चे की जिम्मेदारी का अहसास हो तो इन बातों का ध्यान रखें।

### बताएं आप उनकी मदद लेना चाहती हैं

बच्चा होने के बाद कुछ पुरूष यह चाहते हैं कि वो बच्चे की देखभाल करें, पर महिलाएं अक्सर इस संकोच में कि बच्चे का काम पति सही ढंग से कर पाएंगे या नहीं, सोच उनको मना कर देती हैं। अगर आपके पति बच्चे के पालन-पोषण में आपकी मदद करना चाहते हैं तो उनका यह प्रस्ताव सहर्ष स्वीकार कर लें। उन्हें अपने तरीके से बच्चों की केयर करने दें, हर समय टोकें न, अगर वो कहीं गलत है, तो उन्हें प्यार से बताएं।

### भूमिका आनंददायक है

एक मां ही यह बता सकती हैं कि पेरेंटिंग का अनुभव कितना आनंददायक होता है। अक्सर पुरूष इसे बहुत भारी जिम्मेदारी के तौर पर देखते हैं और शुरू से उन्हें यह लगता है कि बच्चे का पालन-पोषण मां की जिम्मेदारी होती है। आप उन्हें बताएं कि एक बच्चे की देखभाल करने में जिम्मेदारी तो है, पर इसमें आनंद भी खूब है। बच्चा जब छोटी-छोटी हरकतें करता है तो उन्हें देखने में कितना मजा आता है। इस तरह की बातें जब आप उनसे शेयर करेंगी तो वो खुद ब खुद इसमें रूचि दिखाने लगेंगे।



### ग्रुप बनाएं पिता भी

पुरूष अक्सर बच्चों के बारे में बात करने से बचते हैं। महिलाएं तो कई बार ग्रुप में जाकर बच्चों की परेशानियां, आदतें आदि के बारे में चर्चा कर लेती हैं, पर पिता को ऐसा नहीं करते। आप पति को प्रोत्साहित करें कि वो फेसबुक, ब्लॉग, फ्रेंड सर्कल में पिताओं के ग्रुप में शामिल हों। इससे वो सारी समस्याओं का समाधान पा सकते हैं, साथ ही अन्य पुरूषों से अपने अनुभव साझा कर सकते हैं और उनके अनुभव से सीख सकते हैं।

### प्राथमिकता निर्धारित कर उनसे सहयोग मांगें

मां होने के नाते आप प्राथमिकता तय कर लें कि किन-किन बातों में आपको अपने पति की जरूरत पड़ सकती है। यह निर्धारित करने के बाद आप उन्हें बताएं कि आपको उनके सहयोग की कितनी जरूरत है। ऐसा करने से आप एक अच्छा वक्त एक-दूसरे के साथ बिता सकते हैं।

### यादों को रखें सहेज कर

आप अपने पति से पूछें कि फादरहुड के दौरान वो कौन-सी पांच बातें थीं, जिनसे उन्हें बेहद खुशी मिली। आप उन सारी बातों को एक छोटी-सी नोटबुक में नोट करें। अगर उससे जुड़ी फोटो आपको पास है तो उसे भी चिपकाएं, ऐसा करने से आप इन छोटी-छोटी और प्यारी बातों को ताउम्र सहेज कर रख सकेंगी।

# चमकाएं बाल और त्वचा



अगर आप चमकदार त्वचा और हैल्दी हेयर चाहते हैं तो अपनी फूड लिस्ट मे इन चीजों को शामिल कर सकते हैं। ये चीजें आपको खूबसूरती के साथ-साथ बढ़िया सेहत से भी नवाजेंगी।

### विटामिन ए से भरपूर चीजें

**क्या लें:** गाजर, पालक, ब्रोकली, पपीता, आम, आलू व टमाटर

**फायदा:** इन चीजों में कैरोटीन होता है, जो सनस्क्रीन का काम करता है और त्वचा को धूप से बचाता है। टमाटर में लाइकोपीन भी सनस्क्रीन का काम करता है, लेकिन जरूरी है कि टमाटर अच्छे से पका हो।

### सूखे मेवे

**फायदा:** इनमें ओमेगा थ्री फैटी एसिड होता है जो त्वचा में नमी बनाए रखता है। अखरोट में बायोटीन होता है जो बालों को बढ़ाता है, झड़ने और दो मुंहे होने से रोकता है।

### विटामिन सी वाली चीजें

**फायदा:** नींबू, आंवले, संतरे का खट्टापन शरीर में जाकर कोलेजन बनाता है, जो त्वचा की कोशिकाओं को जवां रखता है, इससे झुर्रियां नहीं पड़तीं और त्वचा के घाव भी जल्दी भरते हैं। विटामिन-सी वाली चीजें आसानी से पच जाती हैं और अधिक मात्रा होने पर यूरिन के रास्ते निकल जाती हैं।

### अलसी के बीज

**फायदा:** खाने को कुरकुरा बनाते हैं। इनमें मौजूद फाइबर, ओमेगा थ्री फैटी एसिड व विटाामिन ई से त्वचा की नमी बनी रहती है, मुंहासे नहीं होते। रोजाना एक चम्मच प्रयोग करें।

### विटामिन बी और कॉपर

पुरूषों के बालों में सफेदी की शुरूआत दाढ़ी से होती है, जबकि महिलाओं में कनपटी की तरफ से। इसके प्रमुख कारण हैं: चिंता करना, विटामिन बी, आयरन, कॉपर और आयोडीन की कमी। इसके लिए धूम्रपान न करें, मटर, ब्रोकली, ब्राउन राइस, गांठ गोभी खाएं व ग्रीन टी पीएं।

**तौर-तरीके बदलकर**



# खुश रहना सीखें

**मन खुश हो, तो तन दुरूस्त रहता है। इसलिए खुश रहने के लिए इन सुझावों को आजमा कर देखें -**

**खुद को एक्सप्रेस करें:** अमरीका की वेक फॉरेस्ट यूनिवर्सिटी के वैज्ञानिकों के अनुसार खुद को खुलकर अभिव्यक्त करने से मन में खुशी के भाव आते हैं।

**दूसरों के लिए कुछ करें :** फोर्ब्स डॉट कॉम के शोध के मुताबिक दूसरों के लिए कुछ करने से खुशी मिलती है। जब हम किसी की मदद करते हैं, अपनों को उपहार देते हैं या उन पर खर्च करते हैं, तो मन को सुकून मिलता है।

**सकारात्मक सोचें:** अपनी सोच सकारात्मक रखें और ऐसे लोगों के साथ रहें, जिनसे आपको प्रेरणा मिल सके।

दोस्तों व रिश्तेदारों से अच्छा व्यवहार रखें। यूनिवर्सिटी ऑफ इलिनॉयस के वैज्ञानिकों ने 30 साल तक एक लाख लोगों पर शोध के बाद पाया कि शिक्षा, राजनीति,सैलरी और संबंधों में से सबसे ज्यादा खुशी लोगों को अच्छे संबंधों से होती है। पर्याप्त मात्रा में पानी पीएं क्योंकि डिहाइड्रेशन होने से कई बार मूड चिड़चिड़ा हो जाता है।



# खुद से करें प्यार का वादा

**खूबसूरती बाहरी नहीं, बल्कि आंतरिक होती है, इसलिए अब से आप अपने को हमेशा खूबसूरत मानेंगी। आपके अंदर जो भी खासियत है, उसे और भी निखारेंगी और जो चीजें आपको शर्मिदा महसूस करवाती है, उन्हें कम करने की कोशिश करेंगी।**

नया साल हमें जिंदगी को एक बार फिर नए तरीके से जीने के लिए कहता है। नए साल पर आप अपने से यह वादा करें कि हमेशा अपने आप से प्यार करेंगी।

अब से आपने चाहे कोई हेयरस्टाइल करवाई हो या फिर कोई नई ड्रेस पहनी हो तो उसमें खुद को अच्छा महसूस करेंगी। अपने अंदर यह आत्मविश्वास लाएंगी कि आप जो भी पहन रही हैं, उसमें पूरी तरह परफेक्ट लग रही हैं।

खूबसूरती बाहरी नहीं, बल्कि आंतरिक होती है, इसलिए अब से आप अपने को हमेशा खूबसूरत मानेंगी। आपके अंदर जो भी खासियत है, उसे और भी निखारेंगी और जो चीजें आपको शर्मिंदा महसूस करवाती है, उन्हें कम करने की कोशिश करेंगी।

कुछ महिलाएं अपनी त्वचा के रंग को लेकर हमेशा असंतुष्ट रहती हैं, पर आप बिल्कुल भी ऐसा न करेंगी। आप अपनी त्वचा के रंग पर परेशान होने के बजाय यह कोशिश करेंगी कि आपकी त्वचा हमेशा ग्लो करती रहे।

अगर आपके साथ कुछ बुरा होता है या फिर आपके लुक को लेकर आपका कोई करीबी नकारात्मक कमेंट करता है तो उससे अपना मूड खराब करने की बजाय आप उस पर ज्यादा ध्यान नहीं देंगी, बल्कि अब से आप अपने दिमाग में इस बात को रखेंगी कि दूसरों को भले आप पसंद न आएं, पर आप अपने को पसंद करती हैं और करती रहेंगी।

अपने शरीर को पसंद और नापसंद करना आपके हाथों में हैं। वर्तमान में आपकी बॉडी किसी भी शेप में हो, अब से आप उस पर फख्र करेंगी। यह अलग बात है कि अगर आपका वजन कुछ ज्यादा है तो उसे कम करने की कोशिश करेंगी, पर अपने शरीर को लेकर सकारात्मक सोच को खत्म बिल्कुल नहीं करेंगी और उसे अच्छा ही मानेंगी।

आप हमेशा यह मानेंगी कि आप दिल, दिमाग और शरीर तीनों से बेहद खूबसूरत हैं। भले ही आपके बारे में कोई कुछ भी कहे, आप उसकी बात का बुरा नहीं मानेंगी। अगर आप ऐसा सोचेंगी तो सच मानिए, आप गॉर्जियस दिखेंगी।

एक प्यारी मुस्कुराहट लोगों का ध्यान हमेशा आकर्षित करती है और चेहरे पर भी नूर लाती है। इसलिए अब से चेहरे पर हमेशा तनाव लाने की बजाय मुस्कुराहट बनाए रखेंगी। एक प्यारी मुस्कुराहट आपके चेहरे पर चार चांद लगा देगी।

अगर आपके बाल हेल्दी या फिर त्वचा का टोन अच्छा है तो उस पर नाज करेंगी। अपनी कमी को देकर दुखी नहीं होंगी। बाल सफेद हो रहे हैं, उनमें रूसी है तो उन्हें देख-देखकर चिढ़ेंगी नहीं, इन्हें दूर करने के उपाय खुशी-खुशी करेंगी।



# आप संवरिए

## लेकिन जरा संभलकर

**खास मौकों पर सज-संवरकर चेहरे की सुंदरता बढ़ाना वैसे तो कोई बुरी बात नहीं, लेकिन कई बार रोजाना भारी-भरकम मेकअप करने की आदत और पुराने या कम गुणवत्ता वाले ब्यूटी उत्पाद कुछ देर की सुंदरता और लंबे समय की बीमारी लेकर आते हैं।**

### ब्लीच

लोग स्किन की टेनिंग कम करने के लिए या चेहरे के बालों को छिपाने के लिए ब्लीच करते हैं, लेकिन इससे कई बार स्किन एलर्जी हो जाती है।

उपाय: ब्लीच को 24 घंटे पहले कान के पीछे लगाकर टेस्ट कर लें, अगर कोई एलर्जी न हो तभी ब्लीच करें। टेनिंग दूर करने के लिए ब्लीच कर रहे हैं तो संतरे, पपीते का पल्प या चंदन पाउडर लगा सकते हैं।

### डियो और परफ्यूम

डियोड्रेंट का ज्यादा प्रयोग अंडरआर्म्स की त्वचा को नुकसान पहुंचाता है। खुजली की समस्या हो, परफ्यूम से छींके आती हों या सांस के रोगी हों तो इनका प्रयोग न करें।

उपाय: डियो या परफ्यूम में कैमिकल्स होते हैं, इन्हें सीधे बॉडी पर न लगाकर कपड़ों पर लगाएं।

### आई मेकअप के नुकसान

अगर आप आई मेकअप करने के बाद आंखों में कॉन्टेक्ट लैंस लगाते हैं तो ऐसे में बैक्टीरिया कोर्निया तक पहुंच जाता है जिससे कोर्नियल इंफेक्शन का खतरा रहता है। कई बार मेकअप करने से बैक्टीरिया का मैंब्रेन (झिल्ली) से संपर्क होता है।



### नेलपॉलिश

नेलपॉलिश लगाने के बाद हमें नाखूनों की मैल नहीं दिखती जिससे पेट में इंफेक्शन हो सकता है।

उपाय: नाखूनों की सफाई का ध्यान रखें और खाना बनाने या खाने से पहले नेलपॉलिश को सुखा लें।

### फाउंडेशन और ब्लशर

इनके रोजाना प्रयोग से चेहरे के रोमछिद्र बंद हो जाते हैं। त्वचा के अंदर जमी गंदगी और तेल बाहर नहीं आ पाते, जिससे छिद्रों में मवाद जमने से कील-मुहांसे होने लगते हैं।

उपाय: ब्यूटी प्रोडक्ट की क्वालिटी का ख्याल रखें। त्वचा ऑयली है तो वॉटर बेस प्रोडक्ट और रूखी है तो ऑयल बेस स्किन प्रोडक्ट का प्रयोग करें।

# कलेक्टर व पुलिस अधीक्षक की अध्यक्षता में आपदा प्रबंधन की बैठक सम्पन्न

## जिले के अलावा तहसील स्तर पर भी कंट्रॉल रूम नंबर का प्रचार-प्रसार करायें

**मुरैना।** कलेक्टर श्री अंकित अस्थाना एवं पुलिस अधीक्षक श्री शैलेन्द्र सिंह चौहान की अध्यक्षता में जिला स्तरीय आपदा प्रबंधन की बैठक कलेक्ट्रेट सभाकक्ष मुरैना में सम्पन्न हुई। बैठक में कलेक्टर ने आपदा प्रबंधन से जुड़े समस्त अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिये कि जिला एवं तहसील स्तर के दूरभाष नंबरों का प्रचार-प्रसार करायें, ताकि जिले में कहीं भी किसी अप्रिय घटना होने पर तत्काल दूरभाष के माध्यम से आपदा से बचने के लिये इंतजाम हो सके। बैठक में सीईओ जिला पंचायत डॉ. इच्छित गड़पाले, अपर कलेक्टर श्री सीबी प्रसाद, समस्त एसडीएम, जिला अधिकारी, जनपद सीईओ, सीएमओ एवं तहसीलदार उपस्थित थे। कलेक्टर श्री अंकित अस्थाना ने कहा कि गर्मियों को ध्यान में रखते हुए सभी तहसील स्तर पर मेडीकल किट रखवाई जायें, हर पंचायत में लू से बचने के लिये भी ओआरएस सहित मेडीकल किट मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि मतदान दलों के लिये भी ओआरएस का पैकेट भी किट में रखा जाये। कलेक्टर ने कहा कि कंट्रोल रूम पर फायर ट्रेक्टर चालक के मोबाइल नंबर एवं नाम रखे जायें, इसकी जानकारी भी तहसीलों में भी सूची सहित होनी चाहिये। आग लगने की सूचना पर तत्काल कंट्रॉल रूम या तहसील स्तर से फायर ट्रेक्टर को सूचित किया जाये। कलेक्टर ने कहा कि चम्बल नदी में बाढ़ की स्थिति निर्मित होने से मुरैना जिले के लगभग 68 गांव प्रभावित होते है। इसलिये उन गांवों को ऐसे चिन्हित करें, कि प्रारंभिक वाटर लेवल बड़ने से कौन-कौन से गांव डूब में आयेंगे, जल स्तर और अधिक बड़ने से फिर कौन-कौन से गांव डूब में आयेंगे और वाटर लेवल खतरे के निशान से ऊपर पहुंचने पर कौन-कौन से गांव डूब में आयेंगे। इस प्रकार की जानकारी सबलगढ़, जौरा, मुरैना, अम्बाह और पोरसा



के तहसीलदारों पर होनी चाहिये। उन्होंने कहा कि जो गांव डूब में आते है, उन गांवो में दीवार पर पेंट कराकर फायर एम्बूलेंस, संबंधित अधिकारियों के मोबाइल नंबर एवं कंट्रोल रूम का दूरभाष नंबर अंकित कराया जाये। इसके साथ ही उस स्थान का नाम भी अंकित कराया जाये, कि गांव में पानी भरने के बाद गांव के सभी लोग बाहर निकलकर किस स्थान पर अस्थाई तौर पर शिफ्ट हो। उन्होंने सीएमएचओ को निर्देश दिये कि स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ लेने के लिये भी वह एक एम्बूलेंस कॉल करने के लिये नंबर जारी करे। उन्होंने सिंचाई, पीएमजीएसवाय, इआरईएस, पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि अपने-अपने क्षेत्र में यह सुनिश्चित करें कि ऊपरी क्षेत्र में अधिक बरसात होने से पुल-पुलियों पर पानी ओवरफ्लो होता है, वहां लोगों को निकलने में जनहानि न हो। इसलिये उन स्थानों को चिन्हित कर अभी से संज्ञान में ले लिया जाये। कलेक्टर ने विद्युत मंडल के अधिकारियों को निर्देश दिये कि विद्युत तारों के टूटने से कई स्थानों पर आगजनी की घटनायें देखने को मिलती है। अक्सर फसल कटाई का समय है, तो क्षेत्र में विद्युत लाइनों का परीक्षण कर लें, ऐसी कोई स्थिति न बने और यह भी सुनिश्चित करें कि पिछले 5 वर्षो में विद्युत तार टूटने से आगजनी की घटनायें कहां-कहां हुई। कलेक्टर ने कहा कि फायर मॉकड्रिल सभी जनपद और नगरीय निकायों में कराई जा चुकी है। उसका फीडबैक भी लोगों को मिलना चाहिये।

(लोकसभा निर्वाचन 2024)

## विधानसभा क्षेत्र 04-जौरा के अंतर्गत बनाया गया एक सहायक मतदान केंद्र

**मुरैना।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार लोकसभा निर्वाचन, 2024 के लिए मतदाताओं की संख्या 1500 से अधिक होने के कारण कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अंकित अस्थाना ने सहायक मतदान केंद्र बनाने का प्रस्ताव आयोग को भेजा था। आयोग से प्राप्त अनुमोदन उपरांत विधानसभा जौरा के अंतर्गत 1 सहायक मतदान केंद्र बनाया गया हैं। जौरा विधानसभा के मतदान केंद्र 112-बीआरसी कार्यालय विकासखंड परिसर जौरा पश्चिमी भाग, क्षेत्र 1-सिंघलपुरा जौरा के लिए 112 क-जौरा बीआरसी कार्यालय विकासखण्ड परिसर जौरा पूर्वी भाग, क्षेत्र 2-रुनीपुर रोड़ जौरा सहायक मतदान केंद्र बनाया गया है।

## कलेक्टर की अध्यक्षता में विभिन्न विभागों की बैठक सम्पन्न



**मुरैना।** कलेक्टर श्री अंकित अस्थाना ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष मुरैना में विभिन्न विभागों की समीक्षा बैठक ली। बैठक में उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये कि विभाग में लंबित पेंडेसी को शीघ्र निराकरण करें। आने वाले समय में सभी अधिकारी लोकसभा चुनाव में जुट जायेंगे, तो विभाग में पेंडेसी और अधिक बनी रहेगी। इसलिये सभी अधिकारी समय रहते लंबित पेंडेसी को निराकृत करें। बैठक में सीईओ जिला पंचायत डॉ. इच्छित गड़पाले, अपर कलेक्टर श्री सीबी प्रसाद, समस्त एसडीएम, जिला अधिकारी, जनपद सीईओ एवं नगरीय निकायों के सीएमओ उपस्थित थे। बैठक में कलेक्टर श्री अंकित अस्थाना ने कहा कि सभी तहसीलदार कन्ट्रॉल रूम सकिय करें, जिले की 478 ग्राम पंचायतों में लू से बचाव के लिये मेडीसिन किट, ओआरएस के पैकेट सीईओ जनपद पंचायत भिजवाना सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग करने वाले व्यक्तियों पर ध्वनि प्रदूषण अधिनियम के अंतर्गत कार्यवाही करने के निर्देश समस्त कार्यपालिक दण्डाधिकारियों को दिए। कलेक्टर ने चारा, भूसा के ओव्हरलोड वाहनों पर कार्यवाही करने के निर्देश समस्त तहसीलदार, एसडीएम को दिए। चारा, भूसा जिलें से बाहर नहीं जाना चाहिए।

## आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका एवं अतिथि शिक्षक विशेष पुलिस अधिकारी नियुक्त किये जा सकेंगे

**मुरैना।** लोकसभा निर्वाचन सम्पन्न कराने के लिये प्रदेश में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका एवं अतिथि शिक्षकों को विशेष पुलिस अधिकारी (एसपीओ) के रूप में नियुक्त किया जा सकेगा। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मुख्य निर्वाचन अधिकारी, मध्यप्रदेश को 28 मार्च को इस आशय की स्वीकृति दे दी गई है। आयोग द्वारा यह स्वीकृति सिर्फ इसी लोकसभा निर्वाचन के लिये दी गई है।

## लेखा दल की बैठक व्यवस्था नवीन जिला पंचायत मुरैना के प्रथम तल पर रहेगी

**मुरैना।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के अंतर्गत निर्वाचन प्रकिया में सम्मिलित अभ्यर्थियों के निर्वाचन व्यय लेखा के निरीक्षण एवं रख-रखाव के लिये जिला स्तरीय एवं विधानसभावार व्यय लेखा दलों का गठन किया था। जारी आदेश के तहत प्रशासकीय कार्य सुविधा की दृष्टि से लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र 01 मुरैना-श्योपुर के लिये नियुक्त सहायक व्यय प्रेक्षक (ए.ई.ओ.) एवं लेखा दल की बैठक व्यवस्था कार्यालय, नवीन जिला पंचायत मुरैना के प्रथम तल स्थित सभाकक्ष में सुनिश्चित की गई है। जिला स्तरीय सहायक व्यय प्रेक्षक (ए.ई.ओ.) एवं लेखा दल द्वारा बैठक व्यवस्था के लिये नियत स्थल पर व्यय लेखा के निरीक्षण, परीक्षण हेतु निर्धारित तिथियों में निर्वाचन प्रकिया में सम्मिलित अभ्यर्थियों के व्यय लेखा का निरीक्षण, परीक्षण एवं रख-रखाव संबंधी कार्य संपादित किया जायेगा।

## विद्यार्थियों एवं शिक्षकों के मध्य स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन आज

**मुरैना।** लोकसभा चुनाव में मतदाताओं के अधिक से अधिक मतदान देने के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा स्वीप गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इन्हीं गतिविधियों के अंतर्गत विद्यार्थियों एवं शिक्षकों के मध्य 03 अप्रैल को दोपहर 12 बजे स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय क्रमांक-01 में किया जोयगा। संभागीय खेल अधिकारी ने बताया कि इस प्रतियोगिता का समय 30 मिनट रहेगा।


## कलेक्टर की अध्यक्षता में विभिन्न विभागों की बैठक सम्पन्न

**मुरैना।** कलेक्टर श्री अंकित अस्थाना ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष मुरैना में विभिन्न विभागों की समीक्षा बैठक ली। बैठक में उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये कि विभाग में लंबित पेंडेसी को शीघ्र निराकरण करें। आने वाले समय में सभी अधिकारी लोकसभा चुनाव में जुट जायेंगे, तो विभाग में पेंडेसी और अधिक बनी रहेगी। इसलिये सभी अधिकारी समय रहते लंबित पेंडेसी को निराकृत करें। बैठक में सीईओ जिला पंचायत डॉ. इच्छित गड़पाले, अपर कलेक्टर श्री सीबी प्रसाद, समस्त एसडीएम, जिला अधिकारी, जनपद सीईओ एवं नगरीय निकायों





के सीएमओ उपस्थित थे। बैठक में कलेक्टर श्री अंकित अस्थाना ने कहा कि सभी तहसीलदार कन्ट्रॉल रूम सकिय करें, जिले की 478 ग्राम पंचायतों में लू से बचाव के लिये मेडीसिन किट, ओआरएस के पैकेट सीईओ जनपद पंचायत भिजवाना सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग करने वाले व्यक्तियों पर ध्वनि प्रदूषण अधिनियम के अंतर्गत कार्यवाही करने के निर्देश समस्त कार्यपालिक दण्डाधिकारियों को दिए। कलेक्टर ने चारा, भूसा के ओव्हरलोड वाहनों पर कार्यवाही करने के निर्देश समस्त तहसीलदार, एसडीएम को दिए। चारा, भूसा जिलें से बाहर नहीं जाना चाहिए।

## विधानसभा क्षेत्र 04-जौरा के अंतर्गत बनाया गया एक सहायक मतदान केंद्र

**मुरैना।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार लोकसभा निर्वाचन, 2024 के लिए मतदाताओं की संख्या 1500 से अधिक होने के कारण कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अंकित अस्थाना ने सहायक मतदान केंद्र बनाने का प्रस्ताव आयोग को भेजा था। आयोग से प्राप्त अनुमोदन उपरांत विधानसभा जौरा के अंतर्गत 1 सहायक मतदान केंद्र बनाया गया हैं। जौरा विधानसभा के मतदान केंद्र 112-बीआरसी कार्यालय विकासखंड परिसर जौरा पश्चिमी भाग, क्षेत्र 1-सिंघलपुरा जौरा के लिए 112 क-जौरा बीआरसी कार्यालय विकासखण्ड परिसर जौरा पूर्वी भाग, क्षेत्र 2-रुनीपुर रोड़ जौरा सहायक मतदान केंद्र बनाया गया है।


## अवैध हथियार बनाने वाली फैक्ट्री पर पुलिस की बड़ी कार्यवाही

**मुरैना।** देसी कट्टा बनाये जा रही थे अवैध हथियारों की अवैध फैक्ट्री में, 10 देशी कट्टे,1 अधिया बंदूक, सहित भारी मात्रा में अवैध हथियार बनने का सामना पुलिस ने किया जप्त, चिन्नौनी चंबल थाना पुलिस और साइबर क्राइम ब्रांच मुरैना ने की संयुक्त कार्यवाही, पुलिस ने मोके से एक आरोपी को किया गिरफ्तार,,लोकसभा चुनाव में हिंसा फैलाने के उद्देश्य से बनाए जा रहे थे अवैध हथियार, आरोपी हथियारों की तस्करी राजस्थान, उत्तरप्रदेश,ओर मध्यप्रदेश में करते थे बदमाश, पुलिस आरोपी से पुछताछ में जुटी।











## ग्राम पंचायत बत्तोखर में स्वीप सखी एवं स्व-सहायता समूह की दीदियों ने मतदाता जागरूकता संबंधी गतिविधियों का किया आयोजन

मुरैना। स्वीप के नोडल एवं सीईओ जिला पंचायत डॉ. इच्छित गड़पाले के मार्गदर्शन में जिले में स्वीप की गतिविधियां का आयोजन किया जा रहा है। इसी के तहत मंगलवार को सबलगढ़ जनपद सीईओ श्री आरके गौड़ के नेतृत्व में ग्राम पंचायत बत्तोखर में स्वीप सखी एवं स्व-सहायता समूह की दीदियों द्वारा मतदाता जागरूकता संबंधी गतिविधियों का आयोजन किया गया। जिनमें अपने बूथ की साफ-सफाई, बैनर लगाकर मतदाता जागरूकता स्लोगन का पाठ कराना, रंगोली निर्माण, रैली निकालकर जागरूकता से संबंधित नारे लगाना, निष्पक्ष मतदान की शपथ दिलाई। इसके साथ ही शत-प्रतिशत मतदान करने के लिये जागरूकता रैली निकाली गई।

## जिला दण्डाधिकारी ने एक आदतन अपराधी को किया जिला बदर

**मुरैना।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी मुरैना श्री अंकित अस्थाना ने पुलिस अधीक्षक श्री शैलेन्द्र सिंह चौहान के प्रस्ताव पर एक आदतन अपराधी को जिला बदर किया है, इस आदतन अपराधी पर विभिन्न थानों में विभिन्न अपराधों के मामले पंजीवद्ध है। जिला दण्डाधिकारी श्री अस्थाना ने मध्यप्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 3 सहपठित धारा 5,6 के प्रावधानों के अंतर्गत यह कार्यवाही की है। जिस आदतन अपराधी को जिला बदर किया है, उसमें ग्राम ऐतहार जिला भिण्ड हाल थाना कोतवाली के अंतर्गत मुंशी नट वाली गली गोपालपुरा मुरैना निवासी 56 वर्षीय राकेश खेमरिया पुत्र स्व. रामजीलाल खेमरिया का नाम शामिल है। इस आदतन अपराधी कि आपराधिक, असामाजिक गतिविधियों को नियंत्रित करने के उद्देश्य से लोक व्यवस्था एवं जनसाधारण के हित में शान्ति व्यवस्था बनाये रखने के लिये जिला दण्डाधिकारी ने इस आदतन अपराधी को आदेशित किया है, कि वह जिला मुरैना एवं उसके निकटवर्ती जिले ग्वालियर, भिण्ड, श्योपुर एवं शिवपुरी की सीमा से 01 वर्ष की अवधि के लिये बाहर चला जाये, बिना पूर्व स्वीकृति के इन जिलों की सीमा में प्रवेश न करें।

# कलेक्टर व पुलिस अधीक्षक की अध्यक्षता में सेक्टर और पुलिस सेक्टर अधिकारियों का प्रशिक्षण सम्पन्न




**सेक्टर व पुलिस सामंजस्य बनाकर कार्य करें**



**मुरैना।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिये मुरैना जिले की 6 विधानसभा क्षेत्रों में 170 सेक्टर और पुलिस सेक्टर अधिकारी बनाये गये है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अंकित अस्थाना और पुलिस अधीक्षक श्री शैलेन्द्र सिंह चौहान ने मंगलवार को टाउनहॉल मुरैना में सेक्टर और पुलिस सेक्टर अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्री सीबी प्रसाद और सेक्टर एवं पुलिस सेक्टर अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर श्री अंकित अस्थाना ने कहा कि मतदाता पर किसी भी प्रकार के अनुचित प्रभाव या बल का भय दिखाकर या उपयोग कर उसे स्वतंत्र, निष्पक्ष तरीके से मतदान कराने के अधिकार से वंचित कराना ही वल्नरेविलिटी के अंतर्गत आता है उन्होंने कहा कि ऐसे मतदाताओं या मतदाताओं के वर्ग की पहले से पहचान करने का जिनके ''असुरक्षित'' होने की संभावना है, ऐसी असुरक्षा उत्पन्न करने वाले व्यक्तियों या अन्य कारकों की पहचान करने हेतु और ऐसी पहचान के आधार पर अग्रिम रूप से पर्याप्त सुधारात्मक कार्यवाही करने हेतु सेक्टर ऑफीसरों को नियुक्त किया गया है। उन्होंने कहा कि वल्नरेवल क्षेत्रों का सेक्टर और पुलिस सेक्टर अधिकारी भ्रमण कर सात दिवस के अंदर उन मतदान केन्द्रों का अवलोकन करें, यह भी देखें कि किसी के भय के कारण वहां के लोग मतदान करने से वंचित होते हों। सात दिवस के अंदर उन मतदान केन्द्रों पर बैठकर चौपाल लगायें, जीओ टेग का फोटो खींचकर मोबाइल में सैब करके रखें, मतदान केन्द्रों पर रैम्प, छाया, पानी, मच्छरजाली आदि का अवलोकन करें। जो कमियां है, उनको डायरी में नोट करें। सभी पुलिस सेक्टर ऑफीसर संयुक्त रूप से सात दिवस में यह कार्यवाही जरूर करें। इस कार्य के दौरान बीएलओ को भी साथ में लें, जिसमें 18 प्लस, 85 प्लस, पीडब्ल्यूडी, एएसडी मतदाता सूची का भी अवलोकन कर लें। पुलिस अधीक्षक श्री शैलेन्द्र सिंह चौहान ने कहा कि सेक्टर एवं पुलिस सेक्टर अपने-अपने क्षेत्र को समझें, उन सभी मतदान केन्द्रों का भ्रमण करें, जो आपकी परिधि में हो। मतदान के पहले, उन मतदान केन्द्रों की सुरक्षा आदि का अभी से अवलोकन करें। चुनाव के दौरान पुलिस बल भी प्राप्त होगा। मतदान के पश्चात् मतदान दलों को सुरक्षित बाहर निकालकर लाना है, यह सेक्टर एवं पुलिस सेक्टर की जिम्मेदारी होगी। अपने-अपने क्षेत्र के सामान्य और संवेदनशील मतदान केन्द्रों का चिन्हित करें, वहां के सभी बिन्दुओं को संज्ञान में ले। भ्रमण करके देख लें, जो भी सुधार किये जा सकते है, उन्हें पूरे करें। आगम, निर्गम मतदान केन्द्रों का देंखे, पॉलिंग के दिन मतदान दलों का मोबाइल नंबर रखें, अपना नंबर उन्हें दें। किसी भी समस्या का समाधान के लिये अपने वरिष्ठ अधिकारियों का मार्गदर्शन लें।

# बाड़ी रोड स्थित रौनक ढाबे पर देसी व अंग्रेजी बेचते होटल मालिक को किया गिरफ्तार

**धौलपुर।** सदर थाना पुलिस ने होटल ढाबों पर अवैध शराब बिकी के खिलाफ कार्यवाही करते हुये, बाडी रोड पर स्थित रौनक ढाबे पर



देशी व अग्रेजी अवैध शराब बेचते हुये, रौनक ढाबा मालिक को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की वही मुल्जिम के कब्जे से 130 पब्बा अग्रेजी व देशी शराब व शराब बिकी के 2750/- रूपये राशि जब्त की । सदर थाना प्रभारी रामनरेश ने जानकारी नहीं बताया गया पुलिस मुख्यालय जयपुर के निर्देशानुसार महानिरीक्षक पुलिस, भरतपुर रेंज राहुल प्रकाश के द्वारा भरतपुर रेंज मे चलाये गये अवैध शराब के खिलाफ रात्रिकालीन अभियान एवं धौलपुर पुलिस अधीक्षक सुमित मेहरडा एल के निर्देशानुसार, व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, मनोज शर्मा के पर्यवेक्षण में एव वृताधिकारी, वृत शहर धौलपुर तपेन्द्र मीणा के निकटतम सदर प्रभारी रामनरेश के नेतृत्व में थाना सदर धौलपुर पुलिस, द्वारा कार्यवाही करते हुये बाडी रोड पर स्थित रौनक ढावा एण्ड फैमिली रेस्टोरेन्ट से ढावा मालिक दिमानसिंह पुत्र लक्ष्मन सिंह जाति यादव उम्र 53 साल निवासी पुरानी छावनी थाना सदर धौलपुर को रौनक ढावे से शराब की बिकी करते हुये गिरफ्तार किया वही ढावा मालिक के कब्जे से अवैध देशी शराब के 78 पब्बा व पब्बा अग्रेजी शराब के 52 पब्बा, कुल 130 पब्बा अग्रेजी देशी एवं शराब बिकी रकम





2750/- रूपये जब्त किये प्रकरण संख्या 115/2024 धारा 19/54 अबकारी अधिनियम मे दर्ज कर. रामनरेश थानाधिकारी थाना सदर धौलपुर ,विनोद कुमार हैड कानि, थाना सदर, लक्ष्मन सिंह कानि थाना सदर, मुकेश कानि थाना सदर।

फिल्म FALTU के 13 साल हुए पुरे

# क्या जैकी भगनानी और फिल्म से जुडी टीम ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर FALTU 2 की मेकिंग की ओर किया ईशारा.

2011 की लोकप्रिय युवा फिल्म - स्न्रझ जिसमें जैकी भगनानी, अंगद बेदी, चंदन रॉय सान्याल, पूजा गुप्ता, रितेश देशमुख और अरशद वारसी ने अभिनय किया था, आज इस फिल्म ने अपने 13 साल पुरे कर लिए हैं । रेमो डिसूजा द्वारा निर्देशित इस फिल्म का युवाओं के बीच जबरदस्त क्रेज देखने को मिला, खासकर इसके गाने को लेकर। अब 13 साल पूरे होने पर, जैकी भगनानी और कलाकारों ने फिल्म से जुडी अद्भुत यादों को एक बार फिर




से ताजा कीं।स्न्रझ के 13 वर्षों के बारे में बात करते हुए, जैकी भगनानी कहते हैं, ÷यह वह जगह है जहां से यह सब मेरे लिए शुरू हुआ था , एक शब्द में सपना सच हो गया। हम छात्र थे, अभिनेता नहीं जो छात्रों के रूप में अभिनय कर रहे थे। हम हंसते थे और खेलते थे। हम सभी थे स्न्रझ और वास्तव में फिल्म के बाद लोगों ने हमें बताया कि हम नहीं थे।÷पूजा गुप्ता ने निर्माता वाशु भगनानी और पूजा एंटरटेनमेंट की प्रशंसा करते हुए कहती हैं कि ÷मैंने यहां सीखा कि वाशु सर अपने अभिनेताओं को कितनी अच्छी तरह बिगाड़ देते हैं (हँसते हुए )। हमने मॉरीशस और गोवा में इसकी शूटिंग का भरपूर आनंद लिया था ।÷ रेमो डिसूजा, अंगद बेदी और चंदन ने भी फिल्म के बारे में खुलकर बात की। टीम ने अपने सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर देख फिल्म से जुडी सारी यादें ताड़ा कर दी, और लोगों को यह सोचने पर मजबूर कर दिया है कि क्या अब स्न्रझ 2 की तैयारियां चालु है।

# कल्की अवतार के आने से पहले देश में आयेगी एक नई बीमारी - महादेवी रूपा आनंद



देश में करोना से भी ज्यादा भयानक बीमारी दस्तक देने वाली हैं. बीमारी तो आजतक लोगों ने बहुत देखा लेकिन जो बीमारी साल 2024 में आने वाली हैं वो इतनी खतरनाक हैं कि लोगों में दहशत फैल जायगा. ये कहना हैं भविष्यवक्ता रूपा आनंद जी का कि इन्होंने ध्यान के माध्यम से एक ऐसी खतरनाक बीमारी को देखा है कि लोगों की रूह काँप उठेगी. नारायण के अवतार 2024 में आने वाले हैं और उनके आने से पहले ये भयानक बीमारी आयेगी जिससे देश नियंत्रण में नहीं रहेगा और जब त्राहिमाम होगा तब होगा कल्की अवतार का आगमन. रूपा जी का कहना है कि बीमारी नई होगी और उस बीमारी का सही कारण किसी को भी पता नहीं चल पाएगा और इसी वज़ह से ना तो उसकी कोई दवा होगी ना कोई वैक्सीन बन पाएगी. करोना की तो फिर भी वैक्सीन तैयार हों गयी थी लेकिन इस बीमारी का तोड़ ही मालूम नहीं चल पाएगा तो वैक्सीन भी नहीं बन पाएगा इस बीमारी मे सबसे दुखद ये होगा कि जिस किसी को भी ये बीमारी होगी उसके शरीर के सारे अंग एक साथ काम करना बंद कर देंगे और जिससे और भी दहशत फैल जायगी. ये सारी घटना रूपा आनंद जी ने ध्यान के माध्यम से अपनी आँखों के सामने देखा हैं जो कि बहुत ही दुखद हैं. इनका कहना है कि ध्यान के माध्यम से ईश्वर से जुड़ कर इन्होंने इस बीमारी का इलाज पता कर लिया हैं और जो कोई भी बचना चाहता हैं वो इनसे संपर्क करे. बता दे रूपा आनंद जी एक भविष्यवक्ता है और ये काफी सालों से सटीक भविष्यवाणी करने मे मशहूर हैं.

# सीएल जैन महाविद्यालय में विद्यार्थियों को मतदान के लिए किया जागरूक, दिलाई शपथ

फिरोजाबाद । लोकसभा चुनाव के तृतीय चरण में जनपद में 7 मई को होने वाले मतदान में शत प्रतिशत लक्ष्य के लिए उप जिला निर्वाचन अधिकारी अभिषेक कुमार सिंह व जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ निशा अस्थाना के निर्देशानुसार सीएल जैन महाविद्यालय में मंगलवार को मतदाता जागरूकता का कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें, ईएलसी सहायक नोडल अधिकारी हिमांशु शर्मा और महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.वैभव जैन ने छात्र-छात्राओं को मतदान करने की शपथ दिलाई।
ईएलसी सहायक नोडल अधिकारी हिमांशु शर्मा ने सभी युवाओं को मतदान के लिए प्रेरित किया और उसके महत्व को समझाते हुए कहा कि, जात पात रंग भेद धर्म तथा



अन्य किसी भी प्रलोभन से ऊपर उठकर मजबूत लोकतंत्र का निर्माण करना हमारा सभी का कर्तव्य है। लोकतंत्र की जड़ों को मजबूत करने के लिए सभी को निष्पक्ष व निर्भीक होकर अपने मताधिकार का प्रयोग करना चाहिए। मतदाता सूची में क्रमांक आदि देखने के लिए मोबाइल एप्लीकेशन हेल्पलाइन की भी सुविधा उपलब्ध कराई गई है।मतदान का महत्व समझाते हुए सीएल जैन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ वैभव जैन ने छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि, मतदान हमारा अधिकार है, यही एक ऐसा अधिकार है।जो, हर वर्ग समाज, गरीब, अमीर सबके लिए समान है, इसकी गरिमा को समझें और अपने मताधिकार का उपयोग कर राष्ट्र को सशक्त बनाएं। मतदाता जागरूकता अभियान में डॉ रविंद्र कुमार, डॉ हवा सिंह, डॉ प्रदीप जैन, श्रीमती उर्मिला देवी, डॉ एसपी सिंह बघेल व अन्य उपस्थित रहे।

# सयुक्त संचालक के निर्देशों का तहसीलदार नही कर रहे अमल



ग्वालियर सयुक्त संचालक ग्राम एवम निवेश नगर निगम ग्वालियर के द्वारा तहसीलदार तहसील गिर्द ग्वालियर को अपने पत्र दिनांक 19 मार्च 2024 को पत्र जारी कर ग्राम बहोड़ापुर तहसील गिर्द की भूमि खसरा क्रमांक 581 ,582, 583, 584, 585, 586, 587, 592 , 594 596/2 597, 598, 599, 600,600/1,631/2, 633/1,634/1,635/1636/1, 637 ,638,639,640,641,642,643,644,645,646,647 649 650 652 कुल रकवा1.597 हेक्टेयर कुल भूमि 15970 वर्ग मीटर में से 1490 वर्ग मीटर आवासीय विकास हेतु दी गई अनुज्ञा शर्तो में अनियमितता किए जाने पर कार्यवाही करने एवम पालन करने हेतु पत्र भेजा गया हे जिसका पालन आज तक तहसील कार्यालय द्वारा नही किया गया हे इस संबंध में शिकायत करता नंदकिशोर शर्मा , शिवशंकर शर्मा द्वारा सयुक्त संचालक ग्राम निवेश नगर निगम ग्वालियर को शिकायत की गई थी उक्त शिकायत में बताया कि अनुज्ञा द्2ड्डद्यश्च 200822005 की प्रति सलंग्न कर बताया कि पार्क ,सड़क एवम अन्य सुविधाओ की भूमि का क्षेत्र खसरा में सार्वजनिक उपयोग हेतु अंकित करने एवम कालम नंबर 12 में अंकित करने की शिकायत की हे अनुज्ञा शर्तो में दर्शित 4, 11 ,एवम 13 नंबर की शर्तो का उलंघन किया जा रहा , इन अनियमितताओं को रोका जाए एवम कार्यवाही की जाए

# नवीन सत्र को लेकर स्कूल में मनाया गया प्रवेशोत्सव




कैलारस- नवीन सत्र को लेकर स्कूल में मनाया गया प्रवेशोत्सव शा कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल की प्राचार्या प्रीती शर्मा ने बताया की शिक्षा विभाग के आदेशानुसार नवीन शिक्षा सत्र 2024 को लेकर शा कन्या हायर सेकण्डरी स्कूल में प्रवेशोत्सव मनाया जा रहा हैं बही प्रवेशोत्सव के अवसर पर छात्राओ को रोली चंदन एव पुष्प माला पहना कर स्वागत किया गया बही 1 अप्रेल प्रवेशोत्सव कार्यक्रम में छात्राओ ने हर्ष उल्लास के साथ बड़ चड़कर हिस्सा लिया बही कार्यक्रम को शा कन्या हायर सेकण्डरी स्कूल की प्राचार्या प्रीती शर्मा ने संबोधित किया और प्रवेशोत्सव के दौरान छात्राओ के उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी



**सिकरोदा सोन नदी पर बने नोरेगेज ट्रेन के पुराने पुल को खोलते समय हुआ हादसा, पुल के साथ गिरकर मजदूर घायल 2 की हालत गंभीर होने से जिला अस्पताल मुरैना किया रैफर, मजदूर घायल 50 फुट ऊंचाई से से गिरा पुल मजदूरों को जिला अस्पताल किया रेफर**

# आदर्श आनंद मतदाताओं को करेंगे जागरूक जिलाधिकारी से हुई मुलाकात

भागलपुर लोकसभा आम निर्वाचन 2024, में भागलपुर के शत प्रतिशत मतदाताओं की भागीदारी सुनिश्चित करने को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी -सह- जिलाधिकारी डॉ0 नवल किशोर चौधरी की भागलपुर के प्रख्यात सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर आदर्श आनंद के साथ एक मुलाकात हुई। जिलाधिकारी ने उन्हें बताया कि बिहार के लोग काफी मेहनती, ऊर्जावान होने के साथ-साथ किसी भी परिस्थिति में अपने को सामंजस्य स्थापित कर लेने में सक्षम हैं। देश के हर कोने में बिहार के लोग हैं और वहां के दैनिक एवं आर्थिक गतिविधियों में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। लेकिन अफसोस की बात है कि यहां के 43 प्रतिशत लोग मतदान में भाग नहीं लेते हैं, मतदान का अधिकार लोकतंत्र में



अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने का अधिकार है इसमें हमें नहीं चूकना चाहिए। मणिपुर जैसे राज्य में जहां लोगों को मतदान के लिए पहाड़ियां चढ़नी पड़ती है, वहां भी मतदान का प्रतिशत 90 प्रतिशत से अधिक है। यहां का कोई भी मतदान केंद्र 2 किलोमीटर से अधिक की दूरी पर नहीं है। आवागमन की सारी सुविधाएं उपलब्ध हैं, मतदान केन्द्रों पर भी सारी सुविधा उपलब्ध कराई जाती है। फिर भी मतदान का प्रतिशत कम होना यह खूबसूरत चेहरे पर एक दाग के समान है। यहां के लोग पहाड़ को चीरकर भी रास्ता बना लेते हैं। फिर 43 प्रतिशत मतदाता मतदान क्यों नहीं करते, यह बात समझ में नहीं आती।उन्होंने आदर्श आनंद को अपनी क्रिएटिविटी के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक करने का आग्रह किया, आदर्श आनंद ने कहा कि निश्चित रूप से वे मतदाताओं को जागरूक करने के लिए अपनी क्रिएटिविटी का प्रयोग सोशल मीडिया के माध्यम से करेंगे।इस अवसर पर उप विकास आयुक्त कुमार अनुराग, संयुक्त निदेशक जनसंपर्क नागेंद्र कुमार गुप्ता एवम् अनुमंडल पदाधिकारी सदर धनंजय कुमार उपस्थित थे।

# जो जीवन का समय बचा है, इसी में अपने कर्मो को काट लो -सन्त बाबा उमाकान्त जी महाराज

**अपने से जुड़े लोगों की बुराइयों से अगर छुड़ा ले जाओगे तो उनके भी रक्षक, दाता गुरु महाराज बन जायेंगे**

उज्जैन (म. प्र.)इस कलयुग में प्रभु से साक्षात तदरूप, अपने भक्तों के साथ-साथ उनसे जुड़े सब लोगों की भी चिंता फिक्र करने वाले, कुछ बुराईयों को छोड़ने पर रक्षक, दाता बन कर संभाल करने वाले, पूरे समरथ सन्त सतगुरु, दुःखहर्ता, उज्जैन वाले बाबा उमाकान्त जी महाराज ने अधिकृत यूट्यूब चैनल जयगुरुदेवयूकेएम पर लाइव प्रसारित संदेश में बताया कि इस वक्त आदमी घर से निकले तो कोई गारंटी नहीं कि दो घंटे बाद ठीक-ठाक वापस आ जाएगा। इसीलिए कहा गया- काल करे सो आज कर, आज करे सो अब, पल में प्रलय होति है, बहुर करोगे कब। देखो! आपको समय दिया गया था, कहा गया था कि 12-13 (मार्च) तारीख तक प्रचार कर लो। अब आचार संहिता लग गया। जैसे खुले मंच से या गाड़ी में माइक लगा करके दूर तक आवाज जाती थी, उस तरह से तो आप कर नहीं सकते हो। अब तो आपको परमिशन लेना पड़ेगा जहां कार्यक्रम करोगे। जो संविधान के तहत मनुष्य को करने का अधिकार है, आजादी है, वह भी ऐसे समय में जब आचार संहिता लग गई तब आप नहीं कर सकते हो। समय होता है। समय की कीमत होती है। अभी मौड़ा मिल रहा, उसका हुक्म हो रहा है समझ लो जायेंगे। इस समय पता नहीं है कि कल हम देख लेंगे। जो समय बचा है, कर्म काट करके अंतरात्मा को साफ कर लो, निर्मलता ले आओ




बचा लो लोगों को।

**जो जीवन का समय बचा है, इसमें कर्मो को काट लो**-जब कुदरत का थप्पड़-लप्पड़ लग जाएगा तब आपकी कोई कीमत रह जाएगीड़ तब किसको बचाओगे जब सब खत्म हो जाएंगे। जब चिड़यि चुग जाएगी खेत को तब किसकी रखवाली करोगेड़ इसलिए अभी मौका, अवसर है। समय का फायदा उठा लो। यह मिट्टी का शरीर मिट्टी में मिल जाएगा तब इसकी कोई कीमत होगीड़ जब थप्पड़ लगेगा तो गाल काले पड़ अंदर में। जब निर्मलता आ जाएगी तो

**निर्मल मन जन सो मोहि पावा, मोहि कपट छल छिद्र न भावा**-तब उसको पा जाओगे। जिसकी अंतरात्मा साफ हो जाएगी, उसी का मन सच्चा होगा, उसके अंदर दीनता आ जाएगी तब आपको उठा लेगा। जैसे कोई कितना भी क्रूर सख्त नाराज हो, उसके पैरों पर गिर जाओ, पैर पकड़ लो तो झुक करके उठता है। ऐसे ही वो प्रभु उठा लेगा। जैसे चुंबक लोहे को दूर से ही खींच लेता है ऐसे ही वह सार शब्द वाला प्रभु जो शब्द ही है, जीवात्मा को खींच लेगा, अपने पास बुला लेगा और गोदी में बैठा लेगा। यही काम जो आपको कठिन लग रहा है, यही आसानी हो जाएगा। जिस काम के लिए मनुष्य शरीर मिला, भजन, आत्मा के कल्याण, प्रभु को पाने, देवी-देवताओं के दर्शन करने के लिए, जो आपको कठिन लग रहा है, यही आसान हो जाएगा। आप यहीं से शुरू करो। आप चड़ रहे फिर गिर रहे हो। तो मजबूती से यहां से चड़ो। कहां सेड़ कर्म काटने से चड़ो। कर्म कैसे कटेंगेड़ जब दूसरों की जान बचाने में, दूसरों को राह दिखाने में लगोगे, इसमें कर्म कटेंगे।

**बुराइयों से अगर छुड़ा ले जाओगे तो उनके भी रक्षक गुरु महाराज बन जायेंगे**-आपसे जो लोग जुड़े हुए हैं, और अगर आप गुरु महाराज से और जयगुरुदेव नाम से लोगों को जोड़ोगे तो उनको भी गुरु महाराज ही देंगे लेकिन अक्ल और बुद्धि गुरु महाराज के नियम और मिशन से अलग नहीं होना चाहिए। जिन चीजों की हिदायत गुरु महाराज देकर के गए, जिन-जिन चीजों को न करने का आपको बताया जा रहा है, आपको बच्चों को बताने के लिए कहा जा रहा है कि यह बुरा है, यह अच्छा है, तो बुराइयों को अगर आप छुड़ा ले जाओगे तो उनके भी रक्षक, उनके भी दाता, गुरु महाराज बन जाएंगे।

# आत्मा का प्रकाश सदैव स्पंदन युक्त व शुद्ध होता है



प्रकाश एक प्रकार की ऊर्जा है जो हमारी आंखों को संवेदित करता है। प्रकाश स्त्रोत से निकलकर वस्तु पर पड़ता है तथा इनसे परावर्तित होकर आंखों को संवेदित कर वस्तु के होने का ज्ञान कराता है। प्रकाश की अनुपस्थिति में वस्तुएं होकर भी नहीं होती हैं। यह स्थूल जगत का वैज्ञानिक तथ्य है। हमारे सूक्ष्म शरीर में आत्मा प्रकाश बनकर ज्योतित होती है आत्मा का प्रकाश सदैव स्पंदन युक्त व शुद्ध होता है सूर्य के प्रकाश में हम स्थूल जगत को समझ पाते हैं परंतु आत्मा के प्रकाश में स्थूल व सूक्ष्म दोनों ही जीवन प्रकाशित होते हैं। आत्मप्रकाश कितना विस्तारित हो सकता है यह निर्भर करता है कि आप की चेतना का स्तर क्या हैड़ चेतना का स्तर जितना उच्च होता है आपकी दृष्टि उतनी ही प्रकाशित होती है और इस प्रकाश में साधक दैवीय स्पंदनों व अनुभवों का साक्षी बनता है। अनेक महापुरुषों के चित्र में प्रदर्शित प्रकाश वृत्त इसी चेतना का प्रतीक है। क्योंकि आत्मा व्यैक्तिक ना होकर ब्रह्मांड व्यापी है अतः उसकी चेतना का स्तर भी विश्वव्यापी होता है। और इस चेतना का प्राकट्य मात्र प्रेम के रूप में होता है। श्री माताजी निर्मला देवी द्वारा प्रतिस्थापित सहज योग साधक के अंत में इसी चेतना की जागृति करता है इस संदर्भ में श्री माताजी ने वर्णित किया है कि,÷.... आत्मा का प्रकाश आपको धीरे-धीरे सब कुछ बताएगा, जितना आप इसे सहन कर सकते हैं। यह आपको कुछ ऐसा नहीं बताएगा जिसे आप सहन नहीं कर सकते। यह एक बहुत अच्छी समरुप तुलना है, जब हम यह कहते हैं कि,÷आप एक प्रकाश हैं÷, लेकिन यह प्रकाश जो आपके पास है, वह इस मामूली प्रकाश से बहुत अलग है। साधारण प्रकाश समझता नहीं है। वह सोचता नहीं है। अब जो प्रकाश आपके पास है, यह वो प्रकाश है जो समझता है, सोचता है और यह आपको उतनी ही रोशनी देता है जितनी आप सहन कर सकते हैं। यह दमकेगा नहीं। अगर यह कौंधेगा, तो आप हक्ड़के बक्ड़के हो जाएंगे। यह धुंधला नहीं पड़ेगा। यह पूर्णतया उसी अनुपात में रहेगा जितना आप समझ सकते हैं।÷ (21 जुलाई 1993)आत्मा का यह प्रकाश भौतिक जगत की अस्थिरताओं, कठिनाईयों, दुविधाओं में आपका विवेकयुक्त मार्गदर्शन करता है तथा अक्षुण्ण आनंद प्रदान करता है। इस प्रकाश से साक्षात्कार हेतु सहजयोग से संबंधित जानकारी निम्न साधनों से प्राप्त कर सकते हैं। यह पूर्णतया निशुल्क है।

### क्राइम ब्रांच की सायबर क्राइम विंग की कार्यवाही

# पुलिस ने डिजिटल हाउस अरेस्ट कर फरियादिया से 51 लाख रुपये की ठगी करने वाले मास्टरमाइंड को भिलाई से किया गिरफ्तार

## जिन खातों में ठगी के रुपये ट्रॉसफर किये गये थे वह खाते जम्मू कश्मीर, गुजरात एवं संयुक्त अरब अमीरात के हैं, पकड़ा गया मास्टरमाइंड एमसीए किया हुआ है व मास्टर्स इन आईटी है एवं इसके द्वारा यूएई में कम्पनी खोली गई है

**ग्वालियर।** पुलिस अधीक्षक ग्वालियर श्री धर्मवीर सिंह( भापुसे ) को आवेदिका आशा भटनागर ने एक शिकायती आवेदन पत्र दिया कि जिसमें बताया कि उसके पास किसी अज्ञात व्यक्ति का फोन आया और बोला कि आपके डॉक्यूमेन्ट पर एक सिम इश्यू हुई है, जिसमें आपका आधारकार्ड लगा हुआ है और इस सिम से कई बच्चियों को अश्लील मैसेज भेजे गये है। अज्ञात व्यक्ति ने फरियादिया को बताया कि उसके विरुध्द 24 एफआईआर मुंबई पुलिस ने दर्ज की है। यदि आपने ऐसा कोई अपराध नही किया है तो आपको अपनी ऑनलाइन एफआईआर करनी होगी। अज्ञात व्यक्ति ने जिसकी प्रक्रिया बताते हुए मुझसे स्काईप एप्लीकेशन डाउनलोड करने को कहा और मजिस्ट्रेट के समक्ष ऑनलाइन लीगल स्टेटमेन्ट दिये जाने की कहकर स्काईप से वीडियो कॉल कनेक्ट होते ही मनी लान्ड्रिंग के केश की भी बात कही गई। उसके द्वारा मेरे सभी खातों की जानकारी लेते हुए इनकी जाँच सीबीआई, ईडी आदि से जाँच कराये जाने की बात कही गई और यह भी कहा गया कि आपके खातों की रकम यदि सही पायी गई तो 24 घण्टे के अन्दर आपके अकाउन्ट में पैसे रिफण्ड कर दिये जायेगें। आपको इस बारे में किसी को कुछ नही बताना है और जब तक प्रक्रिया पूर्ण नही हो जाती कोई कॉल नही करना है। विडियो कॉल पर मुझे डराने के लिए एक पुलिस जैसा दिखने वाला व्यक्ति दिखाया गया जिसके द्वारा कहा गया था कि इनको जल्द से जल्द गिरफ्तार करें। इस तरह उन्होने मेरे दामाद को पुणे से उठाने की धमकी दी तो मै उनकी बातो में आकर डर गई और मैने अपने



दोनो अकाउन्ट की एफडी तोडकर उनके द्वारा बताये गये अकाउन्ट में 51 लाख रुपये ट्रॉसफर कर दिये। उक्त शिकायत को गंभीरता से लेते हुये पुलिस अधीक्षक ग्वालियर ने सायबर क्राइम करने वाले अपराधियों पर कार्यवाही करने हेतु अति0 पुलिस अधीक्षक (पूर्व/अपराध/यातायात) श्री के.एम.षियाड़, (भापुसे) को क्राइम ब्रांच की सायबर क्राइम टीम से उक्त शिकायत पर तत्काल कार्यवाही करवाने हेतु निर्देशित किया। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशो के परिपालन में एएसपी अपराध श्री आयुष गुप्ता( भापुसे ) एवं डीएसपी अपराध श्री नागेन्द्र सिंह सिकरवार के कुशल मार्गदर्शन में थाना प्रभारी अपराध निरी0 अजय पंवार व सायबर क्राइम प्रभारी निरी0 राजेश सिंह तोमर ने क्राइम ब्रांच ग्वालियर में शिकायतकर्ता की शिकायत पर से अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया। दौराने विवेचना पाया गया कि जिन नम्बरों से फरियादिया के पास कॉल किये गये है वह नम्बर एप के माध्यम से प्रदर्शित कराये गये है दौराने विवेचना जिन खातों में रुपये ट्रॉसफर किये गये थे वह खाते जम्मू कश्मीर व गुजरात के थे। इन दोनों खातों से रुपये अलग-अलग कई खातों में स्थानांतरित हुए तथा उन खातों से कुछ राशि संयुक्त अरब अमीरात के एक खाते में स्थानांतरित हुई। दौराने विवेचना पुलिस टीम द्वारा अन्य तकनीकी साक्ष्य यूएई से प्राप्त किये गये। साक्ष्यों के आधार पर ज्ञात हुआ कि यूएई के जिस बैंक खाते में पैसे स्थानांतरित हुये थे, वह व्यक्ति भारतीय है और भिलाई छत्तीसगढ का रहने वाला है एवं उक्त व्यक्ति द्वारा यूएई में कम्पनी खोली गई है। उक्त आरोपी की गिरफ्तारी हेतु सायबर क्राइम की एक टीम को भिलाई रवाना किया गया। जहाँ आरोपी को गिरफ्तार किया जाकर पूछताछ की गई तो उसने बताया गया कि आरोपी एमसीए किया हुआ है व मास्टर्स इन आईटी है और आरोपी द्वारा सायबर ठगी का रुपया स्थानांतरित किया जाता था। तकनीकी जानकारी में ज्ञात हुआ है कि आरोपी अपने यहाँ कार्य करने वाले लोगों के खाते खुलवाकर उन खातों को स्वयं संचालित करता था एवं उन खातों में सायबर ठगी की राशि लेकर आगे यूएई के खाते में स्थानातरित करता था। आरोपी से अन्य व्यक्तियों के कई आधार कार्ड, एटीएम कार्ड, पासबुक, चेकबुक, मोबाइल फोन, लेपटॉप, आईपेड व अन्य दस्तावेज बरामद किये गये है। आरोपी के अन्य साथियों की तलाश की जा रही है। विवेचना में पाया गया है कि अन्य लोगो के साथ भी आरोपी द्वारा ठगी की गई है जिसके संबंध में तकनीकी आधार एवं पक? गये आरोपी से पूछताछ की जा रही है।

## डेढ़ माह पहले जान से मारने की नियत से गोली चलाने वाले 5 - 5 हज़ार रूपये के ईनामी फरार दो आरोपी गिरफ्तार

पंकज त्रिपाठी, दैनिक पुष्पांजली टुडे




भिण्ड । पुलिस अधीक्षक डॉ. असित यादव के मार्गदर्शन में व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव पाठक,नगर पुलिस अधीक्षक अरूण कुमार उईके के निर्देशन में थाना प्रभारी देहात निरीक्षक प्रदीप सोनी के नेतृत्व लोकसभा चुनाव व आचार संहिता को मददेनजर रखते हुये चुनाव को शान्तीपूर्ण तरीके से सम्पन्न कराने हेतु जिला भिण्ड में गुण्डा बदमाशों व फरार ईनामी बदमाशों पर लगातार अभियान चलाकर धरपकड की कार्यवाही जारी है थाना क्षेत्र में अपराधियों पर शिकंजा कसा जाकर सलाखों के पीछे पहुंचा जा रहा है। इसी तारतम्य में थाना देहात भिण्ड के अप.क. 67/24 धारा 307,294,147, 149 भादवि में पिछले डेढ माह से फरार 05- 05 हजार रूपये के दो ईनामी बदमाशों को गिरफ्तार किया गया है तथा घटना में प्रयुक्त हथियार के सम्बन्ध में पूछताछ की जा रही है।

**घटना का संक्षिप्त विवरण** – दिनांक 17/02/24 को शाम करीब 06.30 बजे अटेर रोड बम्बा के किनारा भिण्ड पर आरोपी गणों ने मय अपने 3 अन्य साथियों के साथ मिलकर अपने साथी के पिता व भाई को जान से मारने की नियत से गोली मारकर फरार हो गये थे जिसमें तीन आरोपी घटना के बाद ही गिरफ्तार हो चुके थे,दो आरोपी घटना दिनांक से फरार थे जिनकी गिरफ्तारी हेतु पुलिस अधीक्षक द्वारा 5 - 5 हजार रूपये का ईनाम घोषित किया गया था जिन्हें आज थाना देहात पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर लिया गया है। उक्त सराहनीय कार्यवाही में थाना प्रभारी देहात निरीक्षक प्रदीप सोनी,उपनिरीक्षक विजय शिवहरे, नागेश शर्मा,सहायक उपनिरीक्षक रामेश्वर दयाल भारती,प्रधान आरक्षक गुरूदास सिंह सोही, जयप्रकाश शर्मा, आरक्षक अनिल जाट,भूपेन्द्र राजावत, राहुल तोमर,विष्णु तोमर,ज्ञानेन्द्र मिश्रा, दिलीप शाक्य की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## निजी स्कूलों द्वारा पाठ्यपुस्तकों, यूनिफार्म क्रय करने के लिए अनुचित दबाव ना बनाने के निर्देश

पुष्पांजलि टुडे, राजेश कुमार तिवारी
ब्यूरो चीफ सतना

सतना निजी स्कूलों द्वारा पाठ्य-पुस्तकों, यूनिफार्म एवं अन्य शैक्षणिक सामग्री का क्रय करने के लिए पालकों पर अनुचित दबाव न बनाया जाये। इस आशय के निर्देश स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा जारी किये गये है। स्कूल शिक्षा विभाग के उप सचिव ओएल मण्डलोई ने समस्त कलेक्टर को पत्र के माध्यम से कहा है कि कतिपय स्कूल प्रबंधन एवं प्राचार्य द्वारा एनसीईआरटी, एससीईआरटी से संबंधित पुस्तकों के साथ अन्य प्रकाशकों की अधिक मूल्य की पुस्तकें एवं अन्य सामग्री क्रय करने के लिए पालकों पर अनुचित दबाव बनाया जाकर विषयवार एनसीईआरटी, सीबीएसई, एससीईआरटी मुद्रित एवं निर्धारित पाठ्यक्रम की पाठ्य पुस्तकों के स्थान पर अन्य प्रकाशकों की पाठ्य पुस्तकों को चयन कर अभिभावक को दुकान विशेष, निर्धारित स्थान से पाठ्य पुस्तकों व अन्य शैक्षिक सामग्री अथवा यूनिफार्म क्रय करने के लिए अप्रत्यक्ष रूप से बाध्य किया जा रहा है। स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा जारी निर्देश बताया गया है कि म.प्र. निजी विद्यालय (फीस तथा अन्य संबंधित विषयों का विनियमन) नियम 2020 में स्पष्ट उल्लेख है कि निजी विद्यालय प्रबंधन द्वारा छात्र या अभिभावक को पुस्तके, यूनिफार्म, टाई, जूते कॉपी आदि केवल चयनित विक्रताओं से क्रय करने के लिए औपचारिक अथवा अनौपचारिक किसी भी रूप में बाध्य नहीं किया जाएगा। छात्र या अभिभावक इन सामग्रियों को खुले बाजार से क्रय करने के लिए स्वतंत्र होंगे। इस आशय की शिकायतें प्राप्त होने की स्थिति में नियम 2020 के नियम 9 में वर्णित प्रक्रिया का पालन करते हुए संबंधित विद्यालय के विरुद्ध आवश्यक शास्ति अधिरोपित करने की कार्यवाही की जायेगी।

## प्रत्याशियों द्वारा प्रचार पर किए जाने वाले खर्च की पाई-पाई का हिसाब रखें

**ग्वालियर।** व्यय प्रकोष्ठ में तैनात सभी अधिकारी व कर्मचारी पूरी तरह मुस्तैद होकर काम करें, जिससे कोई भी राजनैतिक दल व प्रत्याशी चुनावी खर्चा छुपा न पाए। इस आशय के निर्देश कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती रुचिका चौहान ने प्रत्याशियों के चुनावी खर्चे पर निगरानी रखने के लिये गठित व्यय प्रकोष्ठ के निरीक्षण के दौरान दिए। उन्होंने जोर देकर कहा कि हर राजनैतिक दल एवं प्रत्याशी द्वारा चुनाव प्रचार पर किए जाने वाले खर्च की पाई-पाई का हिसाब उसके खाते में जोड़ें। लोकसभा चुनाव के दौरान राजनैतिक दलों व प्रत्याशियों द्वारा किए जाने वाले प्रचार-प्रसार से संबंधित खर्चे की निगरानी रखने के लिये यहाँ कलेक्ट्रेट के प्रथम तल पर स्व. टी धर्माराव सभागार में व्यय निर्वाचन प्रकोष्ठ स्थापित किया गया है। मंगलवार को कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती रुचिका चौहान ने व्यय निर्वाचन प्रकोष्ठ की गतिविधियों का विस्तार से जायजा लिया। साथ ही प्रकोष्ठ में पदस्थ अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि छाया पंजी (शैडो रजिस्टर) में प्रत्याशी द्वारा छुपाए जा सकने वाले खर्च का ब्यौरा विस्तार से दर्ज करें। साथ ही परीक्षण उपरांत इस खर्च को संबंधित प्रत्याशी के चुनावी व्यय में जोड़ा जाए।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने व्यय निगरानी दल में शामिल उड़नदस्ता, स्टेटिक सर्विलान्स टीम, वीडियो सर्विलान्स टीम, वीडियो व्यूविंग टीम तथा व्यय लेखा दलों को गंभीरता पूर्वक अपने दायित्वों का निर्वहन करने के निर्देश दिये। ज्ञात हो चुनावी व्यय पर निगरानी रखने के लिये जिले में सहायक प्रेक्षक नियुक्त किए गए हैं। साथ ही पर्याप्त संख्या में उड़नदस्ते, स्टेटिक सर्विलिएन्स टीम, वीडियो सर्विलिएन्स टीम एवं वीडियो व्यूविंग टीम गठित की गई हैं। व्यय प्रकोष्ठ के निरीक्षण के दौरान अपर जिला दण्डाधिकारी श्री टी एन सिंह, डिप्टी कलेक्टर एवं व्यय प्रकोष्ठ के प्रभारी श्री बरहादिया व संयुक्त संचालक पेंशन श्री एल. एन. सुमन सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद थे।

## राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को समझाई नामांकन की प्रक्रिया





**ग्वालियर।** नामांकन दाखिल करने के लिये निर्धारित प्रपत्र व शपथ पत्र सहित नाम निर्देशन पत्र प्रस्तुत करने की सम्पूर्ण प्रक्रिया के बारे में मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती रुचिका चौहान की मौजूदगी में आयोजित हुई बैठक के माध्यम से यह जानकारी दी गई। मंगलवार को यहाँ कलेक्ट्रेट के सभागार में आयोजित हुई बैठक में कलेक्टर श्रीमती चौहान ने राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों से कहा कि नाम निर्देशन पत्र दाखिल करने की प्रक्रिया को भलीभाँति समझ लें और इसकी जानकारी प्रत्याशियों को भी दें, ताकि नाम निर्देशन पत्र भरने में कोई त्रुटि न हो। साथ ही कहा कि 9 अप्रैल तक मतदाता सूची में नाम जुड़वाए जा सकते हैं। इसलिए सभी राजनैतिक दल अपने बीएलए के सहयोग से छूटे हुए मतदाताओं के नाम जो?ने के लिए निर्धारित फॉर्म अवश्य भरवाएँ। उन्होंने मतदाता सूची के जेंडर में सुधार के लिए छूटी हुई महिला मतदाताओं के नाम सूची में जुड़वाने पर विशेष बल दिया। साथ ही जानकारी दी कि हर मतदाता तक मतदाता पर्ची पहुँचाने का काम 28 अप्रैल से 2 मई तक किया जाए। बैठक में जानकारी दी गई कि 12 अप्रैल को निर्वाचन की सूचना जारी होगी। इसके साथ ही नामांकन

### जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती चौहान की अध्यक्षता में बैठक आयोजित, 9 अप्रैल तक जुड़वाए जा सकते हैं मतदाता सूची में नाम

दाखिल करने का सिलसिला शुरू होगा। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित लोकसभा कार्यक्रम के अनुसार 19 अप्रैल तक नाम निर्देशन पत्र दाखिल किए जा सकेंगे। नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा (जाँच) 20 अप्रैल को होगी और 22 अप्रैल तक नाम वापस लिए जा सकेंगे। इन सभी दिवसों में प्रातः 11 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक उक्त कार्यवाही संपादित होगी। साथ ही बताया गया कि ग्वालियर संसदीय क्षेत्र में कुल 8 विधानसभा क्षेत्र हैं, जिनमें से 6 विधानसभा क्षेत्र ग्वालियर जिले के और दो विधानसभा क्षेत्र शिवपुरी जिले के हैं। लेकिन नाम निर्देशन पत्र ग्वालियर कलेक्ट्रेट में बनाए गए रिटर्निंग अधिकारी के कक्ष में प्रस्तुत किए जा सकेंगे। राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को यह भी जानकारी दी गई कि 8 अप्रैल को कलेक्ट्रेट स्थित स्ट्राँग रूम से एमएलबी कॉलेज के स्ट्रांग रूम में ईवीएम पहुँचाई जायेंगीं। इस प्रक्रिया के दौरान राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि भी मौजूद रह सकेंगे। ग्वालियर संसदीय क्षेत्र में मतदाताओं की संख्या, 85 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्ग एवं 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांगता वाले वोटर्स की संख्या व घर-घर वोट डालने की प्रक्रिया के बारे में भी बैठक में जानकारी दी गई। बैठक में अपर कलेक्टर श्रीमती अंजू अरुण कुमार व श्री टी एन सिंह, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री संजीव जैन, एआरओ श्री टी एन सिंह, श्री विनोद सिंह और श्री नरेन्द्र बाबू यादव तथा एसडीएम श्री अशोक चौहान सहित अन्य संबंधित अधिकारी और मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधिगण मौजूद थे।

**एक दिन पहले अलग से खाता खुलवाना अनिवार्य**–मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को बताया गया कि भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों के तहत चुनावी खर्चे का हिसाब-किताब देने के लिये हर प्रत्याशी को पृथक से बैंक खाता खुलवाना होगा। यह बैंक खाता नामांकन दाखिल करने से एक दिन पूर्व खुलवाना अनिवार्य है। प्रत्याशी इसी बैंक खाते से अपने चुनावी खर्चे का लेनदेन कर सकेंगे। नाम निर्देशन पत्र के साथ बैंक खाते का ब्यौरा आवश्यक रूप से देना होगा।

## मेंहदी और रंगोलियों के माध्यम से दिया गया मतदाता जागरुकता का संदेश



पुष्पांजलि टुडे, राजेश कुमार तिवारी,
ब्यूरो चीफ सतना

सतना लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिये मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अनुराग वर्मा के निर्देशन में लगातार स्वीप गतिविधियां आयोजित की जा रही है। स्वीप गतिविधियों के क्रम में मंगलवार को सभी आंगनवाड़ी केंद्रों में मेंहदी और रंगोली प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसमें आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं ने आकर्षक रंगोली बनाकर और हांथों में मेंहदी रचाकर मतदाता जागरुकता का संदेश दिया। अमरपाटन विधानसभा में निर्वाचन की गतिविधियों का निरीक्षण करने के दौरान रामनगर अंतर्गत आंगनवाड़ी केंद्र में एसडीएम आरती यादव और सीएमओ रामनगर सौम्या मिश्रा ने भी हांथों में मेंहदी रचाकर स्वीप गतिविधि में सहभागिता निभाई। आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा आंगनवाड़ियों में मतदाता जागरूकता से संबंधित विभिन्न तरह की आकर्षक रंगोलियां सजाई गईं। यह रंगोली राहगीरों एवं केंद्रों में आने वाले लोगों के लिए के लिए बड़े ही आकर्षण का केंद्र बनीं। जिन्हें लोगों ने तत्परता के साथ देखा। स्थानीय नागरिक भी रंगोली से बने संदेश को पढ़कर उत्साहित हुए। इसके उपरांत ग्राम कर्रा में आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं ने मतदाता जागरुकता की रैली निकालकर ग्रामीण मतदाताओं को मतदान करने का संदेश दिया। इस रैली में मतदाता जागरूकता से संबंधित नारों, स्लोगन, पोस्टर और गीतों के माध्यम से मतदाताओं को मतदान करने का संदेश दिया गया। इस दौरान लोगों से आग्रह किया गया कि 26 अप्रैल 2024 को होने वाले लोकसभा निर्वाचन में अपने मतदान केंद्र पर जाकर मताधिकार का प्रयोग करते हुये जागरूक नागरिक होने के कर्त्तव्य का निर्वाह करें।




# चैत्र नवरात्रि उत्सव को लेकर श्री महामाई माता मंदिर (डॉंगवाली) पर चल रही है व्यापक तैयारियां

अभिषेक कुशवाह

सिरोंज। प्रतिबर्षानुसार इस बर्ष भी चैत्र नवरात्रि के अवसर पर श्री महामाई माता मंदिर (डांगवाली) के जाग्रत दरबार में श्री विद्या शतचंडी दुर्गा महायज्ञ एवं मेले का आयोजन परंपरानुसार श्रद्धा एवं भक्तिभाव से मनाया जावेगा। दिनांक 4 अप्रैल से 18 अप्रैल तक चलने वाले इस विशाल आयोजन की तैयारी को लेकर समिति द्वारा लगभग विगत 1 महीने पूर्व से श्री महामाई माता मंदिर परिसर में व्यापक तैयारियाँ की जा रही है।

समिति द्वारा श्री महामाई माता मंदिर के शिखर की आकर्षक सजावट के साथ ही गर्भ ग्रह परिसर में विराजित श्री महामाई माता का आकर्षक श्रृंगार करने के साथ ही परिसर में विराजित अन्य देवी देवताओं के मंदिरों की भी आकर्षक सजावट की जा रही है। रात्रि में महामाई मंदिर की पहाड़ी पर की गई आकर्षक विद्युत सज्जा दूर से ही आकर्षिक कर रही है। समिति द्वारा उत्सव की भव्य तैयारी हेतु सम्पूर्ण



परिसर में रंगीन ध्वज पताकाएँ एवं वंदनवार लगाए जा रहे है। मंदिर के परिक्रमा स्थल के मार्ग की सफाई के साथ ही मार्ग की साज-सज्जा की गई है।

चैत्र नवरात्रि में परंपरानुसार विश्व शांति हेतु आयोजित होने वाले श्री विद्या शतचंडी दुर्गा महायज्ञ की तैयारी भी लगभग पूर्ण हो चुकी है इस हेतु मंदिर परिसर में स्थित यज्ञशाला को भी आकर्षक ढंग से सजाया गया है। नवरात्रि के दौरान यहाँ मंदिर के प्रधान पुजारी पं. नलिनीकांत शर्मा द्वारा प्रतिदिन महयज्ञ में आहुतियाँ प्रदान कराई जावेंगी।

**मेला स्थल की भी तैयारियाँ लगभग पूर्ण**–चैत्र नवरात्रि के अवसर पर महामाई माता के दरबार में लगने वाले विशाल मेला स्थल भी लगभग तैयार हो चुका है। श्री महामाई माता मंदिर के पीछे वाली पहाड़ी के सामने एवं परिक्रमा स्थल मार्ग पर स्थित खिन्नी वाले खेत में लगभग 300 वाई 400 फिट के क्षेत्रफल में मेला स्थल के समतलीकरण के साथ ही इसकी व्यापक सभी तैयारियाँ लगभग पूर्ण हो चुकी हैं। मेला में दर्शनार्थियों को मनोरंजन हेतु मीना बाजार, आकर्षक झूले, दुकानें आदि लगाऐ जा रहे हैं।

**श्री रामलीला हेतु बनाया गया विशाल डोम**–प्रतिबर्षानुसार इस बर्ष भी महामाई माता के दरबार में रात्रि में श्री रामलीला का आयोजन होगा इसमें प्रतिदिन वृंदावन के कलाकारों द्वारा श्री रामलीला की मनमोहक प्रस्तुति दी जावेगी। समिति द्वारा इस हेतु परंपरानुसार विशाल डोम का निर्माण किया गया है जिसमें बैठकर श्रद्धालुगण रामलीला का आनंद प्राप्त कर सकेंगे।

स्वामी, प्रकाशन, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णोपुरम एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रीत करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनुमान मंदिर के पास भिण्ड रोड गोले का मंदिर जिला ग्वालियर मध्यप्रदेश 474005 से प्रकाशित। भरत सिंह चौहान पी. आर. बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। E-mail : Pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, Mob.:8269307478